ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 07 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-350 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की लाइफ में फिर हुई प्यार... पेज 10 पर

## एशियाड : भारतीय हॉकी टीम ने गोल्ड के साथ कटाया पेरिस ओलंपिक का टिकट



**भारत** ने एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी में चौथी बार खिताब जीतने का गौरव हासिल कर लिया। भारत ने शुक्रवार को फाइनल में जापान को 5-1 हराया। भारत इससे पहले 1966, 1998 और 2014 में भी एशियाड का स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने इस खिताबी जीत के साथ ही अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेने का अधिकार हासिल कर लिया। भारत यदि स्वर्ण पदक नहीं जीत पाता तो उसे क्वालिफाइंग दौर से गुजरना पड़ता और यह राह आसान नहीं होती है।

### मुख्यमंत्री ने भारतीय टीम को दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एशियन गेम्स-2023 के पुरुष हॉकी फाइनल में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। कहा, अन्य खेलों में भी भारतीय एथलीटों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है। सभी को उज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## वर्ल्ड कप : पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 81 रन से हराया, शकील प्लेयर ऑफ द मैच

**हैदराबाद।** वनडे विश्व कप के दूसरे मैच में शुक्रवार को पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 81 रन से हरा दिया। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 49 ओवर में 286 रन पर सिमट गई। जवाब में नीदरलैंड की टीम 41 ओवर में 205 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने विश्व कप के अपने पहले मैच में नीदरलैंड को 81 रन से हराकर बड़ी जीत हासिल की है। यह नीदरलैंड के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में उसकी लगातार सातवीं जीत है। उसने अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है। अगर विश्व कप की बात करें तो पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच यह तीसरा मुकाबला था। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 49 ओवर में 286 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में नीदरलैंड की टीम 41 ओवर में 205 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान के लिए अर्धशतक लगाने वाले साऊद शकील को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## 15 हजार रिश्वत लेता राजस्व कर्मी रंगेहाथ गिरफ्तार

### जमीन के म्यूटेशन करने के नाम पर मांगे थे 30 हजार, एसीबी ने की कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

भ्रष्टाचार के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक सप्ताह के अंदर चतरा जिले में दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। तीन दिन पूर्व गिद्धौर प्रखंड कार्यालय से पंचायत सेवक और प्रखंड समन्वयक की गिरफ्तारी के बाद एसीबी हजारीबाग की टीम ने जाल बिछाकर शुक्रवार को राजस्व कर्मचारी बिपिन कुमार चौबे की गिरफ्तारी हंटरगंज प्रखंड के जोरी 11 तहसील कार्यालय से की है। गिरफ्तार कर्मचारी प्रखंड क्षेत्र के सलैया पोस्तिया गांव निवासी लवकुश कुमार से जमीन म्यूटेशन के नाम पर 15 हजार रुपये घूस ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते की टीम कर्मचारी को अपने साथ हजारीबाग ले गई। इस बाबत एसीबी हजारीबाग के एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के अंतर्गत वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के सलैया पोस्तिया गांव निवासी लवकुश कुमार ने लिखित शिकायत की थी कि उसकी मां के नाम पर पोस्तिया मौजा में 33.5 डिसमिल जमीन खरीदी गई है। उस जमीन के म्यूटेशन के नाम पर राजस्व कर्मचारी की ओर से 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। सूचना पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले के सत्यापन के बाद जाल बिछाकर राजस्व उप निरीक्षक को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारी चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के बड़गांव का रहने वाला है। एक सप्ताह के अंदर जिले में एसीबी की इस दूसरी बड़ी कार्रवाई से सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया है।

## गिद्धौर : टीएसपीसी के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएपीसी के दो सक्रिय सदस्यों को गिद्धौर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा दिया। पुलिस गिरफ्त में आए टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के मेराल जोरी निवासी मनोज गंझू व टंडवा थाना क्षेत्र के धनगड्डा निवासी मोहन साव उर्फ मुनि साव पिछले कई दिनों से थाना क्षेत्र में सक्रिय थे और यहां संचालित विकास योजनाओं में लेवी वसूलने व संवेदकों को डराने धमकाने का कार्य कर रहे थे। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उपरोक्त जानकारी प्रेसवार्ता में एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने देते हुए बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से नक्सली पर्चा, कीपैड व स्मार्ट मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि सूचना के सत्यापन के बाद गठित छापामारी दल ने गांगपुर से एक किलो मीटर अंदर मंडरिया जंगल का रुख किया। एक पेड़ की नीचे 3-4 व्यक्ति योजना बनाते दिखे, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। एक को दौड़ा कर पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो कई बातें सामने आई। पकड़े गये नक्सली समर्थक के आधार पर दूसरे को पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सली समर्थकों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनपर सिमरिया थाना में पांच अलग-अलग मामले और राजपुर थाना में एक मामला दर्ज है। दोनों युवक टीएसपीसी के शीर्ष नक्सली आक्रमण गंझू व हरेंद्र गंझू के संपर्क में थे। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा सहित ससस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए सीएम, कहा

# केंद्र के आर्थिक सहयोग से झारखंड होगा नक्सल मुक्त

**■ सुरक्षाबलों के हौंसले के लिए एसआरई में बीमा मद को न हटाएं**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिल्ली में शुक्रवार को वामपंथी उग्रवाद विषय पर अपनी राय रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुरक्षाबलों के मनोबल बढ़ाए रखने के लिए पूर्व की भांति एसआरई मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखने का सुझाव दिया। एसआरई योजना से बीमा मद को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कोडरमा, रामगढ़ और सिमडेगा जिला को एसआरई जिला की सूची से हटाया गया है। लेकिन इन जिलों में प्रतिनियुक्त केंद्रीय सैनिक बलों के ऊपर किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति एसआरई योजना से करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के एसआरई गाइडलाइन के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों/भूतपूर्व पुलिस कर्मियों को ही एसपीओ के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सुरक्षा कारणों से भूतपूर्व सैनिकों / भूतपूर्व पुलिस कर्मियों द्वारा एसपीओ नियुक्ति में रुचि नहीं ली जा रही है। ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों को एसपीओ के रूप में नियुक्त करने के लिए अनुमति की आवश्यकता है।

शेष पृष्ठ 11 पर



### एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूल पर रखा अपना पक्ष

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्रालय के द्वारा झारखंड में अब तक 91 एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 28 का निर्माण राज्य सरकार को करना था, 21 का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है । 7 विद्यालय का संचालन भी हो रहा है। शेष 14 को इसी वित्तीय वर्ष में चालू करने की योजना है। 68 का निर्माण कार्य भारत सरकार की एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सुझाया कि इन विद्यालयों की स्थापना उन्हीं प्रखण्डों में हो सकती हैं, जहां आदिवासियों की संख्या 50% से अधिक है, बशर्ते न्यूनतम जनसंख्या 20 हजार होनी चाहिए। कई प्रखंडों में आदिवासियों की संख्या 20 हजार से अधिक है, परन्तु वे 50% की शर्त का पालन नहीं करते हैं।

## बाल यौन शोषण सामग्री हटाएं या कार्रवाई का सामना करें

### केंद्र ने एक्स, यूट्यूब, टेलीग्राम को दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर), यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी कर उन्हें अपने प्लेटफॉर्म से भारतीय इंटरनेट पर किसी भी प्रकार की बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) को हटाने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी। इन प्लेटफार्मों को दिए गए नोटिस में उनके प्लेटफार्मों पर किसी भी सीएसएएम तक पहुंच को शीघ्र और स्थायी रूप से हटाने या अक्षम करने के महत्व पर जोर दिया गया है। भविष्य में सीएसएएम के प्रसार को रोकने के लिए सामग्री मॉडरेशन एल्गोरिदम और रिपोर्टिंग तंत्र जैसे सक्रिय उपायों के कार्यान्वयन का भी आह्वान किया गया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा, ₹हमने एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को यह सुनिश्चित करने के लिए नोटिस भेजा है कि उनके प्लेटफॉर्म पर कोई बाल यौन शोषण सामग्री मौजूद न हो। सरकार आईटी नियमों के तहत एक सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने चेतावनी दी, आईटी अधिनियम के तहत नियम सोशल मीडिया मध्यस्थों से सख्त अपेक्षाएं रखते हैं कि उन्हें अपने प्लेटफॉर्म पर आपराधिक या हानिकारक पोस्ट की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यदि वे तेजी से कार्रवाई नहीं करते हैं, तो आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत उनका सुरक्षित आश्रय वापस ले लिया जाएगा और भारतीय कानून के तहत परिणाम भुगतने होंगे। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि इन आवश्यकताओं का अनुपालन न करने पर आईटी अधिनियम, 2021 के नियम 3(1) (बी) और नियम 4 (4) का उल्लंघन माना जाएगा। मंत्रालय ने तीन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को चेतावनी दी कि नोटिस के अनुपालन में कोई भी देरी आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत सुरक्षित आश्रय वापस लेने का कारण बन सकता है, जो वर्तमान में उन्हें कानूनी दायित्व से बचाती है।

## गागर में सागर

### हेमंत सोरेन की रिट याचिका में त्रुटि के कारण अब 11 को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका पर शुक्रवार को आंशिक रूप से सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि इस याचिका में पांच डिफेक्ट हैं, जिसके कारण अब 11 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। साथ ही कोर्ट ने हेमंत सोरेन को इस याचिका में जो त्रुटियां हैं, उसे भी दूर करने का आदेश दिया है। यह मामला चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

### बोरी में बंद मिला महिला का शव

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुट्टूपालु घाटी में बोरी में बंद एक महिला का शव बरामद हुआ। इस वारदात को अंजाम देने वाले हत्यारे की तलाश में पुलिस जुट गई है। इस घटना के बारे में शुक्रवार को रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित महतो ने बताया कि गुरुवार की देर शाम गड़के मोड़ के पास बने हुए वन विभाग के वॉच टावर के पास कुछ लोगों ने बोरी में बंद महिला की लाश देखी। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने देखा कि महिला लेगिंग्स कुर्ती पहनी हुई थी और उसकी मांग में सिंदूर भी लगा हुआ था। पुलिस ने यह अंदाजा लगाया है कि इस शादीशुदा महिला की हत्या कहीं और की गई है और बोरी में बंद कर लाश को यहां ठिकाने लगाने की कोशिश की गई है।

## सुरक्षा बलों और नक्सलियों की मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात नक्सली चमरा दा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में आतंक का पर्याय बने कुख्यात माओवादी नक्सली चमरा दा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। उसे कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के रेला-पराल के जंगल में सुरक्षाबलों तथा भाकपा माओवादियों के बीच बीते दिनों भीषण मुठभेड़ में मारा गया था, लेकिन इसका खुलासा अब किया गया है।

जब मुठभेड़ की घटना हुई थी, उस समय पुलिस ने दावा किया था कि मुठभेड़ में कुछ नक्सली मारे गये हैं, लेकिन शव की बरामदगी नहीं होने तथा अन्य जानकारी नहीं मिलने की वजह से पुलिस इसका खुलासा नहीं कर पाई थी। अब पुलिस को खुफिया जानकारी मिली है कि वह नक्सली मुठभेड़ में मारा गया है। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को कोल्हान जंगल में नक्सलियों की ओर से भाकपा माओवादी का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया था। इस स्थापना दिवस के दौरान नक्सली अपने शहीद साथियों को याद करते हुए लाल सलाम कह रहे थे। इसी दौरान कुछ महिला नक्सलियों को क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से रेला-पराल में हुई मुठभेड़ के दौरान नक्सली चमरा दा के मारे जाने का जिक्र करते सुना गया। इस दौरान चमरा दा की तस्वीर को भी विशेष रूप से फोकस किया गया था। नक्सली हमेशा मुठभेड़ के दौरान अपने मारे गये साथियों का शव लेकर भाग जाते हैं और उनका जिक्र जल्दी नहीं करते हैं।

### चैनपुर की संकल्प यात्रा सभा में बोले बाबूलाल मरांडी

## हेमंत की सरकार में अपराधी बेखौफ, जनता में खौफ

**○ नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 80 करोड़ गरीबों का जनधन खाता खोला गया : सांसद**

**○ हेमंत सरकार में सीओ व कर्मचारी बिना पैसा लिए गरीबों का नहीं करते कोई काम : विधायक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा की संकल्प यात्रा को लेकर शुक्रवार को डालटनगंज विधानसभा के चैनपुर पहुंचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखण्ड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शाहपुर कर्बला के सामने मैदान में स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित महथी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल की योजनाओं की चर्चा की तो वहीं झारखण्ड सरकार की कई मुद्दों पर आलोचना करते हुए सीएम हेमंत पर जमकर तीखे तंज कसे। उन्होंने कहा कि केंद्र में लम्बे समय तक रही कांग्रेस की सरकार ने गरीब, महिला व किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति की। कांग्रेस के कार्यकाल में विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले हुए। गांव के ग्रामीण बिजली, पानी व सड़क जैसी सुविधाओं के लिए तरसती रही। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद गांव का जितना विकास हुआ वह कभी नहीं हुआ था। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे अधिक गांव, गरीब, किसान व महिलाओं की चिंता की। गांव गांव में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत सड़के बनाई गई।80करोड़ गरीबों को बुनियादी सुविधायुक्त आवास दिया गया । गरीबों के बैंको में शून्य बैलेंस पर खाता खुलवाया गया। महिलाओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए शौचालय बनाये गये और फ्री रसोई गैस तथा चूल्हा दिये गये। इतना ही नहीं सरकार किसानों को प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपए दे रही है। ताकि किसान समय से बीज खरीद कर समय से खेती कर सकें। अन्य क्षेत्रों में भी 2014 के बाद जितना विकास

शेष पृष्ठ 11 पर

### ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली

# नरगिस को 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार

**एजेंसी। स्टॉकहोम**



नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई और सभी के लिए मानव अधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की उनकी लड़ाई के लिए नरगिस मोहम्मदी को 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला किया है। इस वर्ष का शांति पुरस्कार उन लाखों लोगों को भी सम्मानित करता है, जिन्होंने पिछले वर्ष ईरान के धार्मिक शासन की महिलाओं को निशाना बनाने वाली भेदभाव और उत्पीड़न की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों की ओर से अपनाया गया आदर्श वाक्य - महिला - जीवन - स्वतंत्रता - नरगिस मोहम्मदी के समर्पण और कार्य को उपयुक्त रूप से व्यक्त करता है।

**नरगिस मोहम्मदी जेल में हैं :** नरगिस मोहम्मदी एक महिला, मानवाधिकार वकील और एक स्वतंत्रता सेनानी हैं। उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के अधिकार के लिए उनके बहादुरी भरे संघर्ष की भारी व्यक्तिगत कीमत चुकानी पड़ी है। ईरान के इस्लामिक शासन ने उसे कुल मिलाकर 13 बार गिरफ्तार किया, पांच बार दोषी ठहराया और कुल 31 साल जेल और 154 कोड़ों की सजा सुनाई है। आपको बता दें कि नरगिस मोहम्मदी अभी भी जेल में हैं। 1901 से अब तक 104 नोबेल शांति पुरस्कार दिए किये जा चुके हैं। इनमे से 70 शांति पुरस्कार केवल एक विजेता को प्रदान किए गए हैं। इतिहास में अब तक 19 महिलाओं को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। वहीं कुल 27 अलग-अलग संगठनों को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नोबेल पुरस्कार के इतिहास में सबसे कम उम्र की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई को मिला है। उन्हें साल 2014 में शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उस वक्त मलाला यूसुफजई मात्र 17 वर्ष थी। वहीं अब तक के सबसे उम्रदराज नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जोसेफ रोटब्लाट हैं, जिन्हें साल 1995 में पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। तब वो 87 वर्ष के थे।

### नरगिस डीएचआरसी की वाइस प्रेसिडेंट

आपको बता दें कि नरगिस मोहम्मदी डिफेंडर ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर की वाइस प्रेसिडेंट है। उन्होंने इस्लामिक देश ईरान में मौत की सजा को खत्म करने और कैदियों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। इस दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा।

### मुख्य सचिव सुखदेव सिंह लंबित मामलों को लेकर 10 को करेंगे समीक्षा

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर को लंबित मामलों को लेकर पुलिस विभाग की वर्चुअल समीक्षा करेंगे। लंबित मामलों के कारण और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी लेंगे। समीक्षा के दौरान पेंडिंग का कारण पूछा जाएगा। अधिक समय से मामले लंबित को लेकर कारणों सहित विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी। इसको देखते पुलिस मुख्यालय तैयारी में जुट गया है। बैठक में रांची, पलामू के जोनल आईजी, जोनल डीआईडी, और डीआईजी रेल शामिल होंगे। मुख्य सचिव अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि गृह विभाग के सचिव अविनाश कुमार ने अगस्त माह में बैठक की थी।

## जेएसएससी ने सहायक शिक्षक परीक्षा की संशोधित तिथि जारी की

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरूवार को सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 फीसदी आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली बहादुर महतो समेत अन्य की याचिका पर सुनवाई की गई थी। जिसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 26 हजार सहायक शिक्षकों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पर लगाई गई रोक हटा ली है। रोक हटाए जाने के बाद अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने की नयी तिथियां जारी कर दी गई हैं। झारखंड स्टॉफ सेलेक्शन कमीशन ने इसकी सूचना जारी कर जानकारी दी है। जेएसएससी के मुताबिक अभ्यर्थी 7 अक्टूबर से लेकर 22 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा परीक्षा शुल्क 24 अक्टूबर तक भुगतान कर सकते हैं। वहीं फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए 26 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में 28 अक्टूबर से लेकर 30 अक्टूबर तक संशोधन कर सकते हैं। रिट संख्या 4049/2023 में झारखंड हाईकोर्ट जो भी अंतिम आदेश पारित करेगा, उससे सभी नियुक्तियों पर असर पड़ेगा। नियुक्ति में आरक्षण के प्रावधानों को लेकर चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 30 सितंबर को चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने नियुक्ति के विज्ञापन के बाद शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। नियुक्ति प्रक्रिया में बीआरपी-सीआरपी को 50 फीसदी आरक्षण नहीं दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी।

## गागर में सागर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आगमन पर बुके देकर किया स्वागत

**विश्रामपुर।** झारखंड के प्रथम मुख्य मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पलामू विश्रामपुर आगमन पर बीजेएमसी जिला ऋतु राज मिश्रा ने बेलचम्पा गेस्ट हाउस में जाकर बुके व अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्री मिश्रा से क्षेत्रीय राजनीतिक पर भी चर्चा की। वही बीजेएमसी जिला अध्यक्ष ऋतु राज मिश्रा ने कहा इस बार झारखंड में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। इसके लिए पार्टी के राज्य, जिला व प्रखंड स्तर तक के सभी कार्यकर्ता पूरे जोश व जुनून के साथ संकल्प यात्रा में लगे हुए है। मौके पर चंदरशेखर मिश्रा, बुल्लू चंद्रवंशी, टीआर दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### युवा नेता ने लोगों से की शिष्टाचार मुलाकात

**विश्रामपुर।** पांडू प्रखंड अंतर्गत तिसीबार में युवा समाजसेवी नेता विकास दूबे ने लोगो से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना और उन्हे हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। श्री दुबे ने कहा कि खनिज संपदा में झारखंड देश का सबसे अमीर राज्य है। यहां कोयला, अबरख,लोहा आदि खनिजों का भंडार है। बावजूद यहां के युवा देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में पलायन कर मजदूरी करने को विवश हैं। उन्होंने कहा इस पर घोर चिंतन करने की जरूरत है। ताकि हमारा गांव,जिला व राज्य का विकास युवाओं और अच्छे सोच वाले नेताओं के हाथ में हो। वहीं उन्होंने गांव में आयोजित दुर्गापूजा कमिटी के लोगो को भव्य पूजा आयोजन हेतु आर्थिक मदद भी की। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा के तहत हाई स्कूल मैदान में जुटी हजारो की भीड़

# सरकार के मुखिया के नेतृत्व में खुल कर बालू की चोरी हो रही: बाबूलाल मरांडी




नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** जनता हाई स्कूल के मैदान में शुक्रवार को संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम व पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी, सम्मानित अतिथि पलामू सांसद बीडी राम व स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं मंच संचालन विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने किया। विश्रामपुर विधायक पुत्र सह भाजपा कार्य समिति सदस्य डाक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री सहित मौजूद सभी मंचासिन पार्टी नेताओं को पुष्प गुच्छ व पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन करते हुए स्वागत भाषण दिया। उसके उपरांत अपने संबोधन में बाबू लाल मरांडी ने भाजपा सरकार की कई उपलब्धियां गिनाई। मौजूदा राज्य सरकार पर उन्होंने जमकर हमला भी बोला। उन्होंने कहा झारखंड सरकार के मुखिया के नेतृत्व में खुल कर बालू की चोरी की जा रही है। पुलिस भी इन दिनों ट्रैक्टर लदे चोरी की बालूओ को रोक कर अवैध वसूली करने में लगी हुई है। जबकि भाजपा की सरकार में यही पुलिस लोगो के साथ पूरी निष्ठा के साथ अपनी दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश को सुरक्षित रखने में अपनी अहम भूमिका निभाती थी। उन्होंने कहा राज्य सरकार सिर्फ तबादले व पोस्टिंग के नाम पर कर्मचारियों से वसूली करने में लगी हुई है। उन्हे आम जनमानस का कोई खयाल नहीं है। प्रखंड में एक जन्म प्रमाणपत्र या फिर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगो को प्रखंड मुख्यालय के चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं उन्होंने अंततः लोगो से अपील करते हुए कहा कि झारखंड में पुनः भाजपा की सरकार बनाए,ताकि हमारा राज्य पूर्णतः विकसित हो सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव, बिजेंद्र पाठक, मनीष गुप्ता, अनुज चौधरी, पिंटू चौधरी, ज्वाला गुप्ता सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ की मौजूदगी रही।

# समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर समावेशी शिक्षा के तहत हुसैनाबाद प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए एनवायरमेंट बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता ने की। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में प्रतिभागी भाग लिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। ड्राइंग और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराही की छात्रा प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान तौसीफ रजक और तृतीय स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबीघा के छात्र अंश कुमार को मिला, उन्हे पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली ,पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड स्तरीय समावेशी शिक्षक विनोद कुमार एवं रणविजय सिंह ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सनी कुमार दास, विनय कुमार सिंह, श्रीकांत चौधरी समेत अन्य कर्मियों का अहम योगदान रहा।

### ग्रामीणों ने मंत्री को बतायी अपनी समस्या

**सतबरवा।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के बकोरिया के ग्रामीणों ने मंत्री बादल पत्रलेख से फोरलेन सड़क निर्माण से हो रही परेशानी तथा जमीन का ऑनलाइन म्यूटेशन आदि समस्याओं की जानकारी ली। वृद्धावस्था पेंशन काटे जाने तथा केसीसी ऋण माफी योजना से जुड़ी परेशानी को भी ग्रामीणों ने साझा किया।

## कई प्रतिनिधियों ने थामा भाजपा का दामन

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** जनसंकल्प यात्रा के दौरान विश्रामपुर में आयोजित जनसभा में कई पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर और प्रधानमंत्री मोदी में विश्वास रखते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। इसके अलावा सांसद बीडी राम और विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के विकास कार्यों से भी हम सब प्रभावित हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में सिगसिगी मुखिया किरण देवी, विनोद चौधरी, विनय चौधरी, इलायची भुइंया सहित कई लोगों का नाम प्रमुख हैं।

# महिला की संदिग्ध मौत होने से परिजन आक्रोशित

## 2 घंटे तक जाम रहा पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ

### पुलिस के मौजूदगी में जामकर्ताओं ने कर दी पिटाई, दो घायल

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के महुगांई गांव में संदिग्ध अवस्था में सोनी कुमारी की मौत होने से आक्रोशित परिजन शुक्रवार की दोपहर पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ सगालीम स्थित चांदनी चौक को जाम कर दिया। सड़क जामकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में आरोपी और उनके परिजनों के साथ जमकर मारपीट कर दिया। जिससे दो व्यक्ति राधेश्याम शर्मा और विश्राम शर्मा घायल हो गए। पांकी पुलिस ने चंगुल से छुड़ाकर दोनों घायलों को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर पुलिस की निगरानी में इलाज कराया। बीच बचाव करने पंहुचे पुलिस कर्मियों से भी जामकर्ताओं ने हाथापाई की। जिससे कई पुलिसकर्मीयों को भी मामूली चोट लगी है। सड़क जाम होने की सूचना मिलने पर पांकी सीओ सह बीडीओ राज कुंवर सिंह पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंच मृतक के मायके वालों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटवाये। सीओ राज कुंवर सिंह और पुलिस बल के मौजूदगी में देर रात शव को अंतिम संस्कार करने का काम किया गया। बता दें कि मृतिका सोनी कुमारी का मायके तरहसी थाना क्षेत्र के सोनपुरा स्थित कोरियाडीह हैं। मृतक सोनी कुमारी का रिश्तेदार पांकी के महुगांई गांव निवासी राधेश्याम शर्मा के घर हैं। जहां सोनी कुमारी का आना जाना घर हमेशा रहता था। पिछले कई महीनों से सोनी कुमारी अपने रिश्तेदार राधेश्याम शर्मा के घर पर रहती थी। 5 अक्टूबर गुरुवार की सुबह सोनी कुमारी राधेश्याम शर्मा के बड़ी बहू के साथ घांस काटने धान के क्यारी पर घर से कुछ दूर गई थी। इस दौरान सोनी कुमारी का सिर दर्द करने लगा। घर लौटने के दौरान रास्ते में बेहोश होकर गिर गई। इस बीच सोनी कुमारी के रिश्तेदारों तत्काल इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनी कुमारी के मायके वालों को जैसे ही सूचना मिली , वे लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा करते हुए महुगांई के रिश्तेदारों के साथ मारपीट करने लगे। । पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर रात भर थाना में रखा। शुक्रवार की सुबह पोस्टमास्टम के लिए शव सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके रिश्तेदारों शव को अंतिम संस्कार के लिए महुगांई ले जा रहे हैं। तभी सोनी के मायके वालों ने पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ सगालीम में जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**क्या है सोनी के मायके वालों का आरोप**

सोनी कुमारी की संदिग्ध अवस्था में मौत होने के बाद उसके मायके वालों का आरोप है कि रिश्तेदार होने के कारण सोनी का आना जाना हमेशा महुगांई निवासी राधेश्याम शर्मा के घर रहता था। इस बीच राधेश्याम शर्मा के छोटे पुत्र बाबूलाल शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। जबकि सोनी कुमारी और बाबूलाल शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा रिश्तेदार में मामा - भगनी लगते थे। आरोप है कि बाबूलाल शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा, उसके पिता राधेश्याम शर्मा ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया। सोनी के मामी ममता देवी का आरोप हैं कि प्रेम जाल में फंसाने के बाद बाबूलाल शर्मा उर्फ गुड्डू ने 23 मार्च 2023 को सोनी के साथ शादी कर लिया। शादी के बाद से सोनी के होने वाले सास - ससुर ने उसे अलग कर दिया। सोनी कुमारी महुगांई में ही अपने पति बाबूलाल शर्मा के साथ रहती थी। आरोप है कि सास - ससुर हमेशा सोनी के साथ मारपीट करते थे। उसे मायके नहीं आने दिया जा रहा था। 2 अक्टूबर को बाबूलाल शर्मा कमाने राजस्थान चल गया था। सोनी घर में अकेली थी। सोनी के मायके वालों का आरोप है कि उसे दहेज को लेकर एक साजिश के तहत हत्या कर दिया गया है। सोनी के मायके वालों ने बताया कि बाबूलाल शर्मा उर्फ गुड्डू का शादी पहले हो चुका था। उसके दो बेटे हैं। इसके बावजूद उसे छोड़ दिया। पहले पत्नी को छोड़ने के बाद बाबूलाल शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा और उनके पिता राधेश्याम शर्मा ने सोनी कुमारी को प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद शादी कर लिया। आरोप है कि जब सोनी कुमारी पांच माह की गर्भवती हो गई तो उसे एक साजिश के तहत हत्या कर दिया गया।

## खेती

### नीति आयोग भारत सरकार के निर्देश पर

# हरिहरगंज की सभी 8 पंचायतो में कृषि महोत्सव का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देश पर शुक्रवार को हरिहरगंज आकांक्षी ब्लॉक के 8 पंचायत सचिवालयों में कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों द्वारा कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त सभी पंचायत के लिए प्रतिनियुक्ति पदाधिकारीयों व कर्मचारीयों के द्वारा खेतों में पैदावार बढ़ाने, कौन से मौसम में कौन सा खेती करने, सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाइ जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी है। वहीं जिला से आए जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रीना रानी खलखो, विवेक कुमार, जिला उद्यान कृषि पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, जिला कृषि अभियंता प्रकाश खलखो, कनिय पौधारोपण संरक्षण पदाधिकारी अविनाश कुजूर, डीडीएम शालिनी लकड़ा, हरिहरगंज प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, एफपीओ प्रोजेक्ट इंचार्ज मृत्युंजय कुमार मेहता, एफपीओ प्रेसिडेंट रामराज सिंह द्वारा पीएम किसान योजना, किसान उत्पादक संगठन, स्वाल हेल्थ कार्ड बनाने, मवेशी टीकाकरण, जलवायु के अनुसार खेती, मत्स्य पालन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फसल राहत योजना सहित किसानों से संबंधित केंद्र तथा सरकार के द्वारा दी जाने वाली अनुदान आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी। इस दौरान किसानों ने स्ट्रॉबेरी, ओल, ईख ,अमरूद आम, कद्दू, मक्का,करेला, अरहर, बैगन, हल्दी, बादाम, बालम खीरा, धान सहित दर्जनों से अधिक अपने खेत से उपजाए हुए सब्जी, फल, पौधे का प्रदर्शनी लगाया। कृषि महोत्सव में प्रखंड प्रमुख कमला देवी, मुखिया जितेंद्र पासवान, सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

# स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने चलाया सदस्यता अभियान




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन ने आठ अक्तूबर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ में पटना में पूर्वी भारत क्षेत्रीय शिक्षा कन्वेंशन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को पलामू एवं गढ़वा जिले के विभिन्न स्कूल कॉलेज एवं नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में प्रचार-प्रसार किया। साथ ही सदस्यता अभियान चलाया गया। संगठन के पलामू जिला प्रभारी जूलियस फुचिक ने कहा कि शिक्षा का निजीकरण व्यापारीकरण, संप्रदायकरण और केंद्रीयकरण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ग्रैजुएशन जैसे कोर्स को चार साल का किया जा रहे हैं और मास्टर डिग्री को एक साल तथा एमफिल जैसे इंपॉर्टेंट कोर्स को बंद किया जा रहा है। विगत कुछ वर्षों में झारखंड में क्लोजिंग एवं मार्किंग के नाम पर 6700 से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद किया गया है।

# तीन पंचायतों में लंबित आवास की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** चलो करे आवास पूरा अभियान के दौरान पाटन के बीडीओ मनोज तिवारी ने प्रखंड के लोइंगा, सूंठा एवं किशुनपुर पंचायतों में पीएम आवास की पर्यवेक्षण की। साथ ही अधूरे आवासों वाले लाभुकों को हर हाल में दस अक्तूबर तक आवास पूरा करने का निर्देश दिया। प्रखंड कोडिनेटर शिवम जायसवाल , पंचायत सेवक, रोजगार सेवक को अधूरे आवास पूरा करने के लिए समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया गया। पाटन प्रखंड में 14003 पीएम आवास स्वीकृत हुआ था। इसमें अबतक 551 पीएम आवास अधूरा है। सुंठा में में 35, किशुनपुर में 32 तथा लोइंगा पंचायत में 29 आवास अधूरा है। अधूरे पीएम आवास के लाभकों ने घर बनाने में बालू नहीं मिलने की समस्या बतायी। लाभकों ने बताया कि बोरा/ठेला से भी बालू लाने पर पुलिस पकड़ रही है। पीएम आवास लाभुकों ने बालू की समस्या दूर करने का अनुरोध बीडीओ से किया है।

**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या-04/2023-24, पी आर नं0 306947 (लोहरदगा) 23-24 डी0 के क्रमांक 1 तिगरा हॉस्पीटल से चाराखरी तक 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण एवं क्रमांक – 2 ग्राम जोरी में फारूक अंसारी के घर से मकतब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

PR 308538 Lohardaga (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई-निविदा संख्या 01/2023-24/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. - 308035REO (23-24)#D है, में कार्य समाप्ति की तिथि 15 माह के स्थान पर 09 माह पढ़ा जाय।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.308546 REO(23-24):D

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,गढ़वा।**
**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला–अक्टूबर–2023**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय,गढ़वा द्वारा दिनांक–10.10.2023 को पूर्वाह्न 11 बजे से 4.00 अपराह्न तक जिला नियोजनालय, गढ़वा के परिसर में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला– 2023" आयोजित किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Raj Security and Training Centre | Security Guard | 150 | Non Metric & 10th Pass | – | Fresher | 18 years or above | 10000/- | Ranchi, Tata Nagar (JH) Asasnsol, Durgapur (WB) |
| | | A.C COACH ATTENDENT | 50 | 10Th pass | – | Fresher | 18 years or above | 10000/- | Ranchi, Tata Nagar (JH) Asasnsol, Durgapur (WB) |
| | | Surveyor | 50 | 10th pass | – | Fresher | 18 years or above | 10000/- | Ranchi, Tata Nagar (JH) Asasnsol, Durgapur (WB) |
| | | Technical Helper | 200 | 10th ,12th ITI, Diploma(Alltrade) | - | Fresher | 18 years or above | 12000/- | Ranchi, Tata Nagar (JH) Asasnsol, Durgapur (WB) |
| 02 | Param Corporation Ltd. (For Endurance technology Ltd) | TRAINEE | 200 | 10th , 12TH, ITI, DIPLOMA, B-TECH | – | Fresher | 18-35 Years | 13800-15500/- | AURANGABAD (MAHARASTRA) |
| 03 | Tirumala Facility Management India LLP, Pune (For Suzuki Motors and Suzlon Energy Ltd) | TECHNICIAN | 125 | 10Th | 45% in 10th | Fresher | 18-21 Years | 14000-15000/- | Ahmadabad (Gujrat) |
| | | TRINEE | 90 | DIPLOMA | ANY STREAM | Fresher | 18-27 Years | 14000-15000/- | Jaisalmer (Rajasthan) |
| 04 | Nirmala Job Consultancy Pvt. Ltd., Patna | Helper, | 150 | 10th pass | - | Fresher | 18-35 yr | 15000-25000/- | Gujrat |
| | | Technicians Helper | 200 | ITI | - | Fresher | 18-35 Yr | 15000-25000/- | |

मेला में भाग लेने वाले नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना गढ़वा जिला के वेबसाईट – www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है। मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र आदि अन्य प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

नोटः– सभी नियोक्ता झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 अनुपालन करना सुनिश्चित करें

PR 308544 Labour Employment and Traning(23-24)D
जिला नियोजन पदाधिकारी गढ़वा।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 01/2023-24 (3rd Call) जो P R No. 308054 द्वारा प्रकाशित है, जो गुमला शहरी पाईप जलापूर्ति योजना के संचालन से संबंधित में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

1. प्राक्कलित राशि : 2162402.00
2. वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 05–10–2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि : 11–10–2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 12–10–2023 अपराह्न 03:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि : 12–10–2023 अपराह्न 05:00 बजे तक

नोट : निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

PR 308532Drinking Water and Sanitation(23-24)#D
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज**
**Email :principalitidtg@gmail.com**

सूचना संख्या ................डालटनगंज, दिनांक– ...........................

**PM Apprenticeship मेला सूचना**

MSDE एवं निदेशालय झारखण्ड रांची के माध्यम से जी0एल0ए0 कॉलेज, पलामू में दिनांक–09.10.2023 (दिन सोमवार)को PM Apprenticeship मेला 9:00 बजे पूर्वाह्न से कमरा नं0–7 ब्लॉक–डी में जी0 एल0 ए0 कॉलेज, पलामू में किया जाना है। जिसमें राज्य के निबंधित MSME/ Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान /उपक्रम,तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/ Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल **https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जातिप्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँच कर पंजीयन करा सकते है।

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

प्रभारी प्राचार्य, औ0प्र0संस्थान, डालटनगंज।

PR.NO.308565 District(23-24):D

## गागर में सागर

### तीरंदाजी में पलामू की प्रतिभा ने लहराया राज्य में अपना परचम

**मेदिनीनगर।** 15वीं झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में हुआ। जहां पलामू जिले के संत मरियम विद्यालय से 17 बच्चों ने भाग लिया। इन सत्रह बच्चों में प्रीतम राज सिल्वर,क्षितिज सिंह ब्रॉन्ज मेडल लेकर संत मरियम विद्यालय व पलामू के नाम को रौशन किया। दोनो प्रतिभागी बच्चे एव प्रशिक्षक सुमित बर्मन को विद्यालय के मंच से पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### सांध्य ओपीडी में चिकित्सकों की तैनाती की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने 5 अक्टूबर की शाम में एम०एम०सी०एच० मेदिनीनगर का दौरा कर 4:00 बजे शाम से लेकर 6:00 शाम तक सांध्य ओ०पी०डी० में चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर जिला प्रशासन व एम०एम०सी०एच०प्रबन्धन ने अविलम्ब सांध्य ओ०पी०डी० में योग्य चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं किया तो झारखण्ड क्रांति मंच के द्वारा आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा।

### तीन दिन से लावारिस हालत में खड़ा है टेंपो

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल ब्लड बैंक के पास तीन दिन से लावारिस हालत में एक टेंपो खड़ा है। पार्किंग काटने वाला ने बताया कि 3 दिन से यह टेंपो खड़ा है और टेंपो में चाभी भी है। टेंपो के मालिक का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है। वहीं अज्ञात टेंपो की खबर मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर अज्ञात टेंपो मालिक की पता लगाने में जुट गई है। बताते चलें कि टेंपो 3 दिन से खड़ा है। लेकिन किसी ने अभी तक टेंपो के पास किसी को आते जाते नहीं देखा है। यदि समय रहते टेंपो वाले का पता नहीं लगाया गया तो यह टेंपो चोरी भी हो सकती है। क्योंकि टेंपो में चाभी लगी हुई है।

# जिले में अवैध खनन के कारोबारियों को भेजें जेल : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में खनीजों के अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम की दिशा में उपायुक्त शशि रंजन काफी गंभीर हैं। इसका असर है कि जिले में डीएमओ द्वारा लगातार अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी ने गुरुवार को छत्तरपुर में बगैर सीटीओ के संचालित किये जा रहे तीन क्रशरों को सील कर दिया। जिन क्रशरों को सील किया गया, उनमे मेसर्सतिरूपति, बालाजी, कंट्रक्शन, पार्टनर, रूद्र कुमार पाण्डेय, उर्फ नंदजी पाण्डेय, थाना मोहनिया, जिला कैमूर, बिहार, मौजा मडवा, थाना पिपरा, खाता संख्या-20,प्लॉट संख्या-122 नया 62 पुराना, खाता संख्या 01-प्लॉट संख्या-129 नया, 62 पुराना, सर्वश्री एमसीसी महादेव कंट्रक्शन कंपनी, पार्टनर अनिल कुमार सिंह, मौजा अर्जुनडीह, थाना छतरपुर, खाता संख्या-26 प्लॉट संख्या-163 एवं अशोक कुमार सिंह, मौजा बरडीहा, थाना छतरपुर, खाता संख्या-25, प्लॉट संख्या-600 शामिल हैं। इस बाबत उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जायेगा। उन्होंने डीएमओ को सक्रीय रहकर जिले के सभी क्षेत्रों में अभियान चलाने एवं इलीगल क्रशर,इट भट्टा व अवैध परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया है।

# एडवोकेट पंकज किशोर का निधन

## शोक संवेदनाओं का तांता, आज होगा अंतिम संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड श्री राम पथ, निवासी एडवोकेट पंकज किशोर का निधन शुक्रवार की भोर में हो गया। वे करीब 60 वर्ष के थे। वे पैरालिसिस की बीमारी से परेशान थे। उन्हे एक पुत्र एवं पुत्री हैं। पंकज किशोर जी एल ए कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ0 ब्रज किशोर पाठक के एकलौते पुत्र थे। इनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हृदयानंद मिश्र, सदस्य झारखण्ड राज्य हिन्दू न्यास बोर्ड झारखण्ड सरकार ने कहा कि पंकज किशोर की रूचि सामाजिक कार्यो में भी रहती थी। इनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। वहीं ज्योतिषी व राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक विजयानंद सरस्वती ने कहा कि पंकज का असमय चला जाना समाज को बड़ी क्षति है। मृत्यु का समाचार सुनते ही शहर के कई गण्यमान्य लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं। बेटे और बेटी जो बाहर कार्यरत हैं। उनका इंतजार किया जा रहा है। देर रात्रि तक उनके आने की संभावना है। बेटी विदेश दुबई में रहती है। वहीं बेटा दिल्ली में कार्यरत है। उनके आने के बाद अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय हरिश्चंद्र घाट पर किया जायेगा। अंतिम दर्शन के लिए धनंजय तिवारी,सीएस दुबे समेत कई लोग शुक्रवार की सुबह मौजूद थे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय

# स्वास्थ्य केंद्रों में अग्निशमन यंत्र इंस्टॉल करायें : उपायुक्त

### 'आई ऑन व्हील्स' के माध्यम से आँख से जुड़ी बीमारियों का इलाज

### एमएमसीएच परिसर में बनेगा नया ब्लड बैंक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम मिशन इंद्रधनुष के तीसरे चरण की जानकारी ली। बताया गया कि तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाना है। जिसके तहत कुल 5415 बच्चों को खसरा, रूबेला, निमोनिया, काली खांसी, टेटनस आदि की बीमारियों से बचाव हेतु टीके लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं कुल 1195 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने का भी लक्ष्य निर्धारित है। इसके पश्चात उपायुक्त ने स्वास्थ्य से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

**आई ऑन व्हील्स के माध्यम से गांवों में आँख से जुड़ी बीमारियों का इलाज करने की योजना :** बैठक में उपायुक्त ने सीएस व स्वास्थ्य विभाग को जिले में 'आई ऑन व्हील्स' की शुरूआत करने का निर्देश दिया । कहा कि जिले के ग्रामीणों का निशुल्क आंख से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जायेगा । उन्होंने आंख से जुड़ी बीमारियों का इलाज करने के लिए सभी आवश्यक इक्विपमेंट युक्त वाहन तैयार करने के निर्देश दिये।

**नया ब्लड बैंक बनाने की स्वीकृति :** बैठक में एमएमसीएच परिसर में ही नये ब्लड बैंक के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी । इसी में सिकल सेल एनीमिया व थेलिसिमिया कोषांग भी बनाया जायेगा। उन्होंने सभी प्रखंडों में प्रत्येक माह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करवाने की भी बात कही । जिसमें सभी सेक्टर व वर्ग के लोगों का सहयोग लेने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने प्रत्येक माह सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कैम्प लगाकर बच्चियों का स्वास्थ्य जांच करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अग्निशमन यंत्र इंस्टॉल करवाने के निर्देश दिये। कहा कि सभी जगह पर आग लगने की संभावना शून्य रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने एंबुलेंस सेवा व पीएसए प्लांट को भी क्रियाशील रखने पर बल दिया। आयुष्मान कार्ड बनाने की समीक्षा करते हुए अधिकाधिक लाभुकों का कार्ड बनाने पर बल दिया। मौके पर सीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम, समेत अन्य उपस्थित थे।

# अस्पताल अधीक्षक ने रिक्शा चालक की बच्ची को ब्लड देकर बचाई जान




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अस्पताल अधीक्षक डीके के माध्यम से रिक्शा चालक 15 वर्षीय बच्ची की जान बचायी। जानकारी के अनुसार नावाबजार थाना क्षेत्र के सोहदाग खुर्द निवासी सतेन्द्र प्रसाद गुप्ता रिक्शा चालक की पुत्री अंजनी कुमारी उम्र 15 का वर्ष कुछ दिन पहले अचानक तबीयत खराब हो गयी थी और उसे ब्लड की कमी हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा अंजनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान अंजनी कुमारी के शरीर में खून की कमी को बताया। चिकित्सको द्वारा खून की कमी बताए जाने के बाद सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता अपने बच्ची अंजनी कुमारी को ब्लड चढ़वाने के लिए इधर-उधर ब्लड की व्यवस्था करने में लग गए। इसके बाद भी उन्हें ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाया। किसी दलाल के माध्यम से उन्हें ब्लड पता भी चला तो दलाल खून के बदले 8 से 10 हजार की मांग कर रहे थे। इसके बाद किसी व्यक्ति के द्वारा इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक को दी गई। व्यक्ति ने अस्पताल अधीक्षक से कहा कि एक बच्ची को ब्लड की अति आवश्यकता है। बच्ची के पिता बहुत ही गरीब व्यक्ति रिक्शा चलाते हैं। अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने देर ना करते हुए बच्ची को तुरंत एक यूनिट एवी पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध करवाया।

### बिजली की स्थिति सुधारने की मांग

**पाटन।** छतरपुर जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने विद्युत महाप्रबंधक मेदिनीनगर को एक ज्ञापन देकर मांग की है कि ग्राम कुम्हवा मे स्थित विद्युत सब स्टेशन के चारों विद्युत फिडर को चालू करने के लिए, ग्राम सुठा और राजहरा को अलग फिडर से जोड़ा जाय। किशुनपुर क्षेत्र को कुम्हवा सब स्टेशन या पाटन सब स्टेशन से स्पेशल जोड़ा जाय, किशनपुर फिडर का रूट ज्यादा लंबा होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जिसका लोड कम करने के लिए चारों फिडर से जोड़ा जाए। इस संबंध में उन्होंने पूर्व सांसद मनोज कुमार व पाटन छतरपुर विधायक को भी प्रतिलिपि देकर अवगत कराया है।

# हत्या के आरोप में पति -पत्नी को उम्र कैद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में रामचंद्र घासी व उसकी पत्नी फुलमतिया देवी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही 25 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं जमा करने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में मनातू थाना अंतर्गत तीलो ग्राम निवासी अजय कुमार ने मनातू थाना में अपने ही गांव के रामचंद्र घासी, फुलमतिया देवी व बिगन कुमार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। यह मामला मनातू थाना कांड संख्या 4/19 तिथि 15 जनवरी 2019 को भारतीय दंड विधान की धारा 323, 341 ,324, 302 /34 के तहत दर्ज किया गया था। मुदालय पर आरोप था कि 13 जनवरी 2019 को शाम 3:00 बजे अजय के पिता शंकर घासी ने पुआल का बोझा अभियुक्त के घर के छत पर रख दिया था। इस बात को लेकर शंकर घासी के साथ मुदालय गण गाली गलौज किए थे और दूसरे दिन सुबह 6:00 बजे मुदालय लोग मिलकर गाली गलौज करते हुए सूचक के दरवाजा पर आए और ईंट पत्थर चलाने लगे। उक्त घटना के दौरान जब अजय तथा उसके पिता शंकर घासी घर से बाहर निकले तो शंकर घासी को पड़कर आलू के खेत में ले गए और रस्सी से उसका हाथ पैर बांधकर उसे टांगी से मारने लगे। शंकर घासी के दोनों पैर और छाती पर टांगी से मारा । सूचक अपने पिता को बचाने गया तो उसे भी टांगी से मार मारकर उसका बांया हाथ तोड़ दिया । इस घटना में शंकर घासी काफी जख्मी हो गए । इसके बाद मुदालय लोग घटनास्थल से भाग गये। हल्ला करने पर अगल-बगल के लोग आए व पुलिस को सूचना दी गई। सूचक पुलिस की सहायता से अपने पिता को लेकर सदर अस्पताल डाल्टनगंज गया जहां उसके पिता शंकर घासी की मृत्यु हो गई । यह संबंध में अदालत ने रामचंद्र घासी व फुलमतिया देवी को साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### जपला दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव का चुनाव

**हुसैनाबाद।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी के सभागार में दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक हुई। इस दौरान श्री दुर्गा पूजा को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। इसमें अजय कुमार सिंह को अध्यक्ष, पंकज विश्वकर्मा को सचिव व मृणाल डे को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रामप्रवेश सिंह, ओमप्रकाश उपाध्याय व प्रवीर वराट को संरक्षक बनाया गया। जबकि अखलेश मेहता, अरविंद सिंह, रंजीव कुमार सिंह, श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा, कमलेश सिंह व विक्रांत सिंह को उपाध्यक्ष, सूरज तिवारी, अभिषेक कुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव को उपसचिव, रोहित कुमार प्रजापति व कृष्ण कुमार सिंह को उपकोषाध्यक्ष, रणजीत कुमार सिंह व सिल्लू सिंह को मीडिया प्रभारी व लवकुश विश्वकर्मा व अशोक चौधरी को व्यवस्थापक बनाया गया है।

# संतान की लंबी आयु के लिए जिउतिया पर महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए शुक्रवार को माताओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर जीवित पुत्रिका व्रत श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया। इससे पूर्व गुरुवार को व्रतियों ने मडुआ की रोटी, कंदा की सब्जी एवं अरवा चावल पवित्रता के साथ ग्रहण कर व्रत रखा। इसके बाद मिट्टी का चूल्हा और सियारिन की मूर्ति का निर्माण किया। इस दोनों मूर्तियों को जमीन में पीपल और पाकर की डाली गाड़कर उसके नीचे स्थापित कर जीवित पुत्रिका व्रत से जुड़ी कथा सुनी। इसके बाद रात्रि जागरण कर शनिवार की अहले सुबह व्रतियों ने खीरा का दाना,चना एवं गाय के दूध से पारण किया। इसके साथ ही यह त्योहार संपन्न हो गया। इस व्रत को महिलाएं निर्जला रहकर करती हैं। हर साल आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत या जीउतपुत्रीका व्रत करने का विधान है। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस व्रत को जिउतिया, जितिया, जीवित्पुत्रिका, जीमूतवाहन व्रत के नाम से जाना जाता है। जितिया व्रत महिलाएं अपनी संतान की लंबी आयु की कामना व खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस व्रत से संतान प्राप्ति के साथ ही दुख-दर्द व परेशानियों से भी संतान की रक्षा होती है।

# मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से शोक सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विष्णु मंदिर ट्रस्ट के आजीवन न्यासी और मंदिर निमार्ता परिवार सदस्य स्व. उमेश



अग्रवाल के निधन पर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में श्री विष्णु मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने दिवंगत की आत्म की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन रखा। शोक सभा में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, सह सचिव श्रवण सोनी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार, न्यासी विजय अग्रवाल, सतीश दुबे, नवीन गुप्ता, प्रदीप कुमार, महेंद्र अग्रवाल और पुजारी कमल किशोर उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ इंकलाबी नौजवान सभा ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया




**मेदिनीनगर ।** जमीन ऑनलाइन कराने, रसीद कटाने एवं म्यूटेशन के नाम पर हो रही कथित अवैध वसूली के खिलाफ पांकी प्रखंड कार्यालय के समक्ष इंकलाबी नौजवान सभा ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। इसकी अध्यक्षता सभा के जिला अध्यक्ष इजहार हैदर ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इंकलाबी नौजवान सभा( आरवाईए) प्रत्येक शुक्रवार को सहायता केंद्र लगाती है। जहां लागातार ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं।अधिकतर ग्रामीण जमीन की समस्याओं को लेकर आते हैं कि जमीन ऑनलाइन करने के नाम पर, म्यूटेशन के नाम पर घूस मांगी जा रही है। कर्मचारी कभी मिलते नही हैं, कभी फोन नही उठाते हैं। आरवाईए इसे लेकर ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी है। कहा कि हमारी मांग है कि राजस्व कर्मचारियों को पंचायत में, हल्का में बैठने की गारंटी की जाए, पंचायतों में शिविर लगाकर जमीन को ऑनलाइन कर ग्रामीण किसानों का विवाद हल किया जाए। धरने में संतोष कुमार, रंजीत कुमार, मनीष, देवेंद्र, शमीम, अफरोज, गुलफान, आरवाईए राज्य सचिव अविनाश रंजन, आइसा राज्य अध्यक्ष तरुण, सचिव त्रिलोकी, जिला अध्यक्ष गुड्डू भुइयां, शाहिद के साथ दर्जनों नौजवान के साथ भाकपा माले के असलम गुल्लू, मौजूद थे।

### तीन दिनों से लापता अधेड़ का सोन नदी तट पर मिला शव

**हुसैनाबाद।** तीन दिनों से लापता देवरीकला गांव निवासी 55 वर्षीय सोहराई राम नामक एक अधेड़ का शव शुक्रवार की देर शाम में बरवाडीह गांव के समीप से सोन नदी तट से बरामद किया गया। लोगों ने इसकी सूचना देवरी ओपी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लापता हुए अधेड़ के परिजनों को भी इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी, खोजबीन कर रहे परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि वह पिछले तीन अक्टूबर को घर से देवरी बाजार जाने की बात कह कर निकले थे। लेकिन देर रात जब वह घर नहीं पहुंचने पर खोजबीन शुरू कर दी। शव की शिनाख्त होने पर देवरी ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। देर शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। उसका पोस्टमार्टम शनिवार को कराया जाएगा।

### हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम

**विश्रामपुर।** उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा खुर्द ग्राम स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आम का पौधा लगाया गया। साथ ही इच्छुक लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया । साथ ही लोगों को पेड़ बचाने एवं गांव को स्वच्छ रखने की शपथ दिलायी गयी। मौके पर बीजेपी स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय,जिला संयोजक शंभू शरण सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता बिफन मेहता, भिखारी शर्मा,बैजनाथ सिंह, अर्जुन मेहता, उमेश चौधरी,सेवा अवकाश प्राप्त शिक्षक कोदू राम,मंदिर के पुजारी श्याम मूरत पाठक,मंदिर के सेवक राम,विजय बैठा,महेंद्र चंद्रवंशी,विनोद यादव,राम केसर चौहान,प्रभु प्रजापति, संतोष रजक,कमलेश चौधरी,समिनदर चौधरी रामचंद्र मेहता, सहित कई लोग मौजूद थे।

## जीवन

## अधिकारियों व वन रक्षकों में खुशी का माहौल

# अच्छी वर्षा से पीटीआर के सभी जल स्रोत लबालब भरे

### कच्चे और पक्के जल स्रोत पर बड़े जानवर जैसे हाथी कम आ रहे हैं : परमजीत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** इन दिनों में हुई अच्छी वर्षा से पलामू टाइगर रिजर्व के सभी जल स्रोत लबालब भरे हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारी से लेकर वन रक्षक तक इसे बहुत खुशी से देखते हैं। कुछ महीने पहले ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी। जिसमें जल स्रोतों में पानी की मात्रा लगातार कम हो रहा था और यह आशंका थी कि आने वाले 4 से 6 हफ्ते में यह जल स्रोत सिर्फ.कीचड़ पैदा करने के लिए पानी रख सकेंगे। लेकिन पिछले सप्ताह के भारी वर्षा में इन जल स्रोत को एक नया जीवन दान दिया है। बाड़ेसाड रेंज के वन रक्षक परमजीत तिवारी ने प्रेस को बताया कि इन कच्चे और पक्के जल स्रोत पर बड़े जानवर जैसे हाथी कम आ रहे हैं। यह एक आश्चर्यजनक बात उन्होंने बताई। उनसे पूछने पर के हाथी इन जल स्रोतों पर जब यह पानी से लबालब भरा है क्यों नहीं आ रहे उनके पद चिन्ह क्यों कम मिल रहा है। इस पर वनरक्षक ने बताया कि हाथियों को अब हर तरफ उनके मन मुताबिक जल स्रोतों में पानी दिख रहा है। इसलिए वह इन कच्ची या पक्के चेक डैम पर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना पूरी तरह से सच नहीं होगा कि हाथी नहीं आ रहे हैं। बल्कि यह कहना बहुत ही उचित होगा कि वह बहुत कम आ है। लेकिन छोटे जानवर जैसे खरगोश, मोर, लकड़बग्घा ज्यादा देखे जा रहे हैं। जो एक सुखद संकेत है। पीटीआर के इन जल स्रोतों में पानी की प्रचुरता से यह बात अब मजबूत हो रही है कि यह पानी ठहरेगा और आने वाले मार्च महीने तक यहां के वन जीवों को पानी को लेकर उतनी कठिनाइयां नहीं होगी। किसी भी वन जीव के लिए दो चीजों की बहुत आवश्यकता होती है। एक है उनका भोजन और दूसरा है पानी। इस समय पीटीआर में पानी की उपलब्धता बहुत अच्छी है। वहीं इसके जंगल और झाड़ भी काफी बड़े-बड़े हो गए हैं। यह जंगलों को भी काफी घना बना रहे हैं। इसलिए टाइगर प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने पर्यटकों को यह सलाह दी है कि वह घने जंगलों की ओर ना जायें तो बेहतर है। क्योंकि वह किसी भी वन प्राणी को झाड़ के घनत्व के बढ़ जाने के कारण नहीं देख पा रहे हैं।

## गागर में सागर

### केतार के मुखिया साह ने विद्यालय का किया निरीक्षण, बच्चों ने की शिकायत



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुखिया ने सभी कक्षा में जाकर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। मुखिया को बच्चों ने मध्याह्न भोजन के बारे में बताया कि इसमें चावल, दाल और आलू की सब्जी मिला है, लेकिन शुक्रवार होने के बावजूद फल या अंडा नहीं मिला है। बच्चों ने मुखिया से शिकायत की कि जिस दिन फल मिलता भी है तो सेब छोटा साइज का मिलता है। मुखिया ने शिक्षकों और संयोजिका को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मध्याह्न भोजन प्रतिदिन मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण देने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक गायब मिले। शिक्षकों ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी बनाने मध्य विद्यालय मुकुंदपुर गये हैं। मुखिया ने कहा कि इसकी लिखित शिकायत बीईओ से कि जायेगी। उल्लेखनीय है कि सरकारी विद्यालयों में शुक्रवार को चावल, दाल, हरी सब्जी, एक उबाला हुआ अंडा या शाकाहारी बच्चों के लिए मौसमी फल देना है, लेकिन इस विद्यालय में सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर राशि उगाही की जा रही है। मौके पर सहायक शिक्षक मुजफ्फर हुसैन, असीम अंसारी, संयोजिका जुबैदा बीबी मौजूद थे।

### 'जागरूकता से बढ़ सकता है मतदान'

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को चुनाव पाठशाला व निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अपने विद्यालय व मतदान केंद्रों पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गये ईएलसी कीट का उपयोग करते हुये विभिन्न गतिविधियों को संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है और नैतिक मतदान पर बल दिया जा सकता है। प्रशिक्षक कौशल कुमार व जितेन्द्र कुमार ने सभी ईएलसी के नोडल अधिकारियों को इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, उच्च विद्यालय गरबांध के कृष्ण कुमार गुप्ता, उच्च विद्यालय जमुआ के धनंजय कुमार यादव, अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के कुमारी जया, प्लस टू उच्च विद्यालय के अमरेंद्र दास, बीएलओ चिंता कुमारी देवी, आशा देवी, नागवंती देवी, रेणु देवी, आसमा खातून, राबिया बानो, शबनम बीबी, सीमा देवी मौजूद थे।

### श्री बंशीधर नगर : समिति का पुनर्गठन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत सलसलादी दामर ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के निकट ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन अधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रामवृक्ष राम को अध्यक्ष, दुखहरन पासवान को सचिव, भिखारी राम, भोलाराम, महबूब आलम, आजाद हुसैन अंसारी, अमरेंद्र पासवान, राम जन्म राम, अशोक राम, मुकेश कुमार, रूबी देवी, राजपति देवी, सीमा देवी, विंदा देवी, चंपा देवी को सदस्य बनाया गया। मौके पर पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान, वार्ड सदस्य शर्मा राम, रामवृक्ष राम, बुधन चौधरी, छोटेलाल चौधरी, शंभू चौधरी, सुनील राम, विदेशी चौधरी, सद्दाम हुसैन, अख्तर, विश्वनाथ राम, अलीम अंसारी आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने की।

### वन अधिकार समिति का किया पुनर्गठन



**रमना।** वन अधिकार अधिनियम - 2006 के अंतर्गत ग्राम वन अधिकार समिति का पुनर्गठन ग्राम छपरदागा एवं मंगरा के लिए मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम-छपरदागा में सर्वसहमति से गोखुल परहिया को अध्यक्ष एवं शंभू सिंह को सचिव चयन किया गया। साथ ही 12 सदस्यों का भी चयन किया गया। ग्राम मंगरा में सरदार उरांव को अध्यक्ष, डोमन उरांव को सचिव चुना गया। समिति में 12 सदस्य भी नामित किए गए। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी, तीन अपराधियों को पहले गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल

# भंडरिया के जंगल में लूटपाट का मास्टरमाइंड छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने भंडरिया थाना के ग्राम बिंदा से पूरब स्थित जंगल में छत्तीसगढ़ के जिला सूरजपुर के चंदौरा थाना क्षेत्र के घाटपेंडारी थाना क्षेत्र के सत्यनारायण मरावी के साथ 27 जनवरी को लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी मिकाइल खान छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के डूमरडीह पंचायत के सोनीपरा गांव का रहने वाला है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।




पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सत्यनारायण मरावी से पांच अज्ञात अपराधियों की ओर से की गई लूटपाट की घटना को लेकर भंडरिया थाना में मामला दर्ज किया गया था। इसमें सत्यनारायण मरावी से 34 हजार रुपये नकद व कई सामानों की लूट की गई थी। इसके उद्भेदन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रंका के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआइटी ने मामले का उद्भेदन करते हुए घटना के कुछ दिन बाद ही तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अपराधियों के पास से लूटे गए काले रंग का बैग, बायोमेट्रिक स्कैनर, एसबीआइ बैंक का डेबिट कार्ड एवं भारत फाइनेंस का कलेक्शन रजिस्टर बरामद किया गया था। घटना के बाद से ही इस कांड के साजिशकर्ता मिकाइल खान फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से पांच अक्टूबर को गिरफ्तार किया है। एसपी ने कहा कि मिकाइल खान पूर्व में भारत फाइनेंस नामक कंपनी में कार्यरत था, जहां उसे कंपनी ने गबन का दोषी पाए जाने पर निकाल दिया था। उसकी जगह पर सत्यनारायण मरावी को नियुक्त किया गया था। विद्वेष की भावना से दुष्प्रेरित होकर मिकाइल खान ने अपने दोस्तों के साथ योजना बना कर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कांड के एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अपना कार्य कर रही है। उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छापेमारी दल में शामिल पुलिस निरीक्षक सह भंडरिया के थाना प्रभारी संजय खाखा को एवार्ड दिलाने के लिए अनुशंसा भेजी जाएगी। छापेमारी दल में शामिल पुअनि संजय कुमार को नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, इंस्पेक्टर सह भंडरिया थाना प्रभारी संजय खाखा, पुअनि संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## सभी थाना क्षेत्रों में चलाई जा रही है एंटी क्राइम चेंकिग : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में इन दिनों एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि चेकिंग के दौरान लोगों को परेशानी नहीं हो। इसका उद्देश्य क्रिमिनल्स को पकड़ना है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में समय समय पर एंटी क्राइम चेकिंग चलेगा। अभी एक सप्ताह तक एंटी क्राइम चेकिंग लगातार चलेगा, जबकि आने वाले त्योहारों में भी समय समय पर चेकिंग चलाया जाएगा।

एसपी ने कहा कि नवगठित शक्ति पेट्रोलिंग टीम द्वारा गढ़वा महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में विभिन्न महिला विद्यालय, कालेज, कोचिंग आदि संस्थानों में जाकर शिक्षकों की उपस्थिति में छात्राओं के साथ संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान छात्राओं से मिलकर उनके विद्यालय आने-जाने के क्रम में किसी भी तरह की शिकायत या परेशानी, अभद्र व्यवहार, छेडखानी आदि के



संबंध में पूछताछ किया जा रहा है तथा उन्हें रोकथाम एवं सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके लिए त्वरित सहायता एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए छात्राओं को शक्ति पेट्रालिंग में शामिल पुलिसकर्मियों का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पाइलट प्रोजेक्ट के तहत फिलवक्त गढ़वा शहर में ही शक्ति पेट्रालिंग चलाई जा रही है। भविष्य में श्रीबंशीधर नगर व रंका में भी पुलिस बल एवं संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शक्ति पेट्रोलिंग की व्यवस्था हो सकती है, लेकिन गढ़वा शहर में शक्ति पेट्रालिंग का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। छात्राओं के साथ ही संस्थानों के शिक्षक भी शक्ति पेट्रालिंग से जुड़े कर्मियों के पास मोबाइल फोन से जानकारी दे रहे हैं, जिससे मनचले युवकों पर लगाम लगाना आसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शक्ति पेट्रोलिंग द्वारा एक-दो मामलों में मनचले लड़कों को पकड़ कर महिला थाना में लाकर उनके अभिभावक को बुलाकर हिदायत भी देकर छोड़ा गया है। गढ़वा शहर में जिप सदस्य अमृतांजलि दूबे के साथ नकाबपोशों द्वारा दिनदहाड़े झोला समेत 1.5 लाख रुपये की लूट किए जाने के मामले को लेकर एसपी ने कहा कि पुलिस को कुछ वीडियो फुटेज मिले हैं, जबकि बैंक से भी पुलिस ने वीडियो फुटेज लेकर अपराधियों के पहचान में जुटी हुई है। शीघ्र ही उसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी होगी।

# खरौंधी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## बाजार क्षेत्र में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों की उपस्थिति में की गई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को अंचलाधिकारी गणेश महतो के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसमें खरौंधी थाना पुलिस के जवान भी शामिल थे। पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने खरौंधी बाजार में मुख्य सड़क के दोनों ओर अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमणमुक्त करवाया। इस दौरान पुराने प्रखंड भवन से लेकर बाजार समिति तक डेढ़ दर्जन से अधिक घरों व दुकानों के सामने से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए, जबकि शनिवार को बाजार समिति से चंदनी मोड़ तक का अतिक्रमण हटाया जाएगा।

अतिक्रमण हटाओ टीम में शामिल अंचल निरीक्षक मोजीब खान ने बताया कि पुराने प्रखंड भवन से मेन रोड मुख्य बाजार होते हुए करीवाडीह-चंदनी मोड़ स्थित तोरणद्वार तक सड़क के दोनों ओर के सारे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। पहले अतिक्रमणकर्ता को नोटिस दिया गया था। आज भी





अभियान के दौरान अतिक्रमणकर्ता को मौके पर ही खुद से अतिक्रमण हटाने का मौका दिया जा रहा है। इस दौरान अतिक्रमणकर्ता खुद से अतिक्रमण हटा भी रहे हैं। वहीं जो अतिक्रमणकर्ता नोटिस मिलने के बाद भी खुद से अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं उनका टीम के साथ चल रहे दो-दो जेसीबी मशीन से अस्थायी अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

**बाजार क्षेत्र में 68 लोगों ने घर और दुकान बनाकर कर लिया है अतिक्रमण :** सीआई ने बताया कि अभी बाजार क्षेत्र का अस्थायी अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसके लिए सार्वजनिक एनाउंस करने के साथ ही नोटिस दिया गया था, लेकिन खरौंधी बाजार क्षेत्र में 68 लोगों ने पक्के घर और दुकान/ गुमटी बनाकर स्थायी अतिक्रमण कर लिया है। उन्हें अपना स्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। नोटिस देकर पक्के घर और दुकान के रूप में स्थायी अतिक्रमण करने वाले लोगों और दुकानदारों को खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए बोला गया है। तीन नोटिस के बाद भी अगर स्थायी अतिक्रमण उनके द्वारा नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और हटाने का खर्च अतिक्रमणकारी से वसूला जाएगा।

**स्थायी अतिक्रमण करने वाले इन लोगों को नोटिस :** स्थायी अतिक्रमण करने वाले शंकर साव, बनारसी पटवा, लालमुनी पटवा, प्रताप साव, सुमेर साव, नन्हक बैठा, टीबर बैठा, तपेश्वर पासवान, सखी पासवान, हीरा पासवान, शिवचरण राम, सीता ठाकुर, दशरथ, स्व भोला साव, राजेंद्र साव, सुमित साव, हरिवंश साव, कुर्बान अंसारी, धर्मदेव यादव, गिरिवर गुप्ता, उमाशंकर जायसवाल, विजय शंकर जायसवाल, शिवप्रसाद जायसवाल, अवध साव, रमन साव, सोबरन मेहता, इसराज अंसारी, कमल महतो, सुरेंद्र प्रजापति, बिहारी राम, ललन पासवान, खेलावन पासवान, सुरेश राम, उमेश राम, बबलू रवानी, मुरली चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, खुर्शीद आलम, सुजीत उरांव, कैलाश साव, गुलाबचंद प्रजापति, जफ्फर अंसारी आदि को नोटिस दिया गया है।

### राशन का उठाव कराना पारा शिक्षक को पड़ा महंगा

**डंडई।** पत्नी व बच्चों के नाम से राशन कार्ड बनवाकर डीलर की दुकान से खाद्यान्न का उठाव करना डंडई के पश्चिम आदिवासी टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत पारा शिक्षक दीनानाथ प्रसाद को भारी पड़ गया। मामले में अंचल कार्यालय ने नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। ऐसा नहीं करने पर विधि सम्मत कार्रवाई को लेकर जिला आपूर्ति कार्यालय गढ़वा को पत्र लिखने की बात कही गई है। नोटिस में बताया गया है कि आपके द्वारा प्रत्येक माह डीलर की दुकान से खाद्यान्न का उठाव कराया गया है, जबकि आप उक्त विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर वर्ष 2008 से कार्यरत हैं। बावजूद उक्त शिक्षक के द्वारा बीते अगस्त माह तक बेरोकटेक डीलर की दुकान से खाद्यान्न उठाने का काम किया गया है। मामले को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। उसके बाद तात्कालिक प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मामले पर कार्रवाई शुरू की गई थी।

# विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है गढ़वा : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से दो पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इस के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिले के सदर प्रखंड गढ़वा एवं रंका प्रखंड में इन पुलों का निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा सदर प्रखंड के ग्राम चिरौंजिया में सरस्वती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण किया जाएगा। इसका निर्माण दो करोड़, 15 लाख, 88 हजार, 900 रुपये की लागत से किया जाएगा, जबकि रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत में स्थित पुराना पानी टोला में कोरवा धियार नाला पर एक करोड़, 83 लाख, 72 हजार, एक सौ रुपये की लागत से नया पुल का निर्माण कराया जाएगा।

### कहा-चार करोड़ की लागत से होगा दो पुल का निर्माण मिली प्रशासनिक स्वीकृति



मंत्री ने बताया कि चिरौंजिया में पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। जबकि रंका के चुटिया में उक्त नाला पर पुल की अति आवश्यक थी। इन दोनों पुलों का निर्माण जनहित में प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रतिदिन गढ़वा के लिए कोई न कोई नई विकास योजना की स्वीकृति मिल रही है। साथ ही काफी तेजी से काम भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार एक ही मिशन में लगे हुए हैं कि कैसे अधिक से अधिक गढ़वा का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने से पूर्व ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूरे गढ़वा की स्थिति की तस्वीर उनके जेहन में बैठ गई है। वे गढ़वा को दुर्दशा भरी स्थिति से बाहर निकालने के लिए दिन-रात ईमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं। यही कारण है कि मात्र चार वर्षों के अंदर पूरी तरह से गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। आने वाले समय में गढ़वा दुर्दशा की दंश झेलता हुआ नजर नहीं आएगा। बल्कि बिल्कुल नया एवं विकसित गढ़वा सबके सामने होगा। पहले बाहर के लोग यहां की स्थिति के कारण गढवा आना नहीं चाहते थे, परंतु अब लोग यहां की बेहतरी देखने के लिए गढ़वा आएंगे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सड़कों की काफी बेहतर कनेक्टिविटी हो गई है। जिससे अब यहां की सुदूर क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थलों का भी विकास होगा और बाहरी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। बहुत जल्दी गढ़वा विकास के शिखर पर खड़ा होगा।

# 'गढ़वा में टेंडर पेपर की हो रही है लूट'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में खुलेआम टेंडर पेपर लूटा जा रहा है। इस खेल में मत्री के द्वारा पोषक आपराधिक चरित्र के लोग शामिल हैं। गढ़वा नगर परिषद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में 15वें वित्त आयोग की राशि से 12 ग्रुप में टेंडर आमंत्रित किया गया था। सभी ग्रुप में टेंडर डालने वाले संवदेकों को टेंडर पेपर जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को थी। पूर्व विधायक ने कहा कि शुक्रवार को जब कई संवेदकों ने टेंडर पेपर जमा करने के लिए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे तो, वहां पर पहले से मौजूद कुछ असमाजिक तत्व उन्हें टेंडर पेपर जमा करने से रोकने लगे। उसके बाद संवदेकों ने उसकी सूचना पूर्व विधायक को दी। पूर्व विधायक ने बताया कि टेंडर में हो रहे धांधली की सूचना पर उन्होंने तत्काल डीसी को टेलिफोनिक

### पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ न कहा-इस खेल में मंत्री के पोषक आपराधिक चरित्र के लोग शामिल



सूचना देकर नगर परिषद में पुलिस बलों को प्रतिनियुक्त करने का आग्रह किया ताकि संवदेक बगैर किसी भय में अपना टेंडर पेपर जमा करे। ताकि निष्पक्ष टेंडर हो सके। उनकी सूचना के बाद डीसी ने वहां पर चार-पांच पुलिस कर्मी को भेज दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि डीसी के निर्देश पर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे पुलिस कर्मी फेयर टेंडर कराने के बजाए टेंडर में व्यवधान करने वाले लोगों को ही संरक्षित करने लगे। पूर्व विधायक ने कहा कि डीसी मंत्री के एजेंट के रूप में काम काम कर रहे है। जिला प्रशासन तत्काल सभी टेंडर को रद् कर पुनः टेंडर निकाले, अन्यथा भाजपा के लोग अब उलगुलान का रास्ता अख्तियार करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर टेंडर में इसी तरह धांधली होते रहा और जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा, तो अब भाजपा के लोग सभी विभागों में टेंडर पेपर जमा करने के दिन संवेदकों की सुरक्षा में बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आते-जाते रहता है। लेकिन सरकारी सेवक किसी व्यक्ति विशेष या दल का पार्टी बनकर अपना कैरियर खराब करने पर क्यों तुले हुए है। इस मामलें की जानकारी वह केंद्रीय नगर विकास विभाग के मंत्री और सचिव को देकर गढ़वा जिला में हो रहे काले कारनामें का पदार्फाश करेंगे।

### पहल | थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक, कहा

# हमारा जीवन अमूल्य, इसे लापरवाही से न गंवाए

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुरुवार को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कैलान झुरही टोला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, साइबर क्राइम व कुप्रथाओं, अंधविश्वासों, ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ विषयवार संबंधित जानकारी दी।

इस मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है। इसको लोग क्षण भर की लापरवाही से गंवा दे रहे हैं। कहा कि जब भी आपके पिता, भाई या अपने करीबी लोग



बाइक चलाते हैं, तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहें। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधना चाहिए, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएं। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के चलते होती हैं। पुलिस अगर आपकी गाड़ी पकड़ती है तो आपको चालान के रूप में आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी होती होगी। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए 100 नंबर या स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जरूरी हो तो उसे 108 एंबुलेंस को कॉल करें व एक अस्पताल तक भेजने में मदद करें। यह सच्ची मानवता है। वहीं कुप्रथा के बारे में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में लोग अशिक्षा व अंध विश्वास में पड़कर एक दूसरे को नुकसान के साथ-साथ जघन्य हत्या तक करने को आतुर हैं, जिससे बचने की जरूरत है।

### दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक

**भवनाथपुर।** कैलान पंचायत के झुरही टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाया जायेगा। इसके लिए गठित कमिटी में अध्यक्ष रुपदेव सिंह, उपाध्यक्ष विशेश्वर सिंह, सचिव रामचंद्र यादव, सह सचिव उमेश यादव, कोषाध्यक्ष शिवपूजन सिंह, संरक्षक रामजन्म सिंह को बनाया गया, जबकि सदस्य के रूप में रामगणेश यादव, योगेंद्र यादव, गिरिजा सिंह, सोबरन अगरिया, शंभु सिंह, सरजू सिंह, लखन कोरवा, मनोज यादव, हलकन सिंह, सत्येंद्र कोरवा आदि के नाम शामिल है।

# खरौंधी के नए थानेदार के रूप में पंकज ने लिया प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी के नए थानेदार के रूप में पंकज कुमार सिंदुरिया ने प्रभार ग्रहण किया। स्थानांतरित थाना प्रभारी अभय कुमार ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी सिंदुरिया को प्रभार सौंपा। इस मौके पर थाना के प्रांगण में स्थानांतरित थाना प्रभारी अभय कुमार विदाई दी गई। साथ ही नए थाना प्रभारी स्वागत किया गया। सिंदुरिया ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी गांव टोलों में शांति कायम रखना प्राथमिकता होगी। लॉ एंड ऑर्डर साथ ही पब्लिक पुलिस समन्वय स्थापित कर सोशल पुलिसिंग के माध्यम सामाजिक सौहार्द बनाने का हरसंभव प्रयास होगा। मौके पर आजसु के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी, समाजसेवी डॉ रामनाथ मेहता, जिप सदस्य धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, उमेश जायसवाल, सोनू कुमार, उपेंद्र कुमार मेहता, अजय मेहता आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड सचिव का निधन

**लातेहार।** जिले के बारियातु झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड सचिव आकाश भोक्ता का रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उंराव ने आकाश भोक्ता के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि संगठन को आकाश भोक्ता की कमी हमेशा खलेगी। वे संगठन के सच्चे सिपाही थे। वे हमेशा संगठन और समाज की भलाई के लिए सोचते थे। उन्होंने बारियातु प्रखंड में युवा मोर्चा को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई थी। शोक व्यक्त करने वालो में झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रखंड सचिव मो इजहार, मो सरफराज, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, बारियातु प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ऐशवर्य उंराव, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष रामबृक्ष गंझु, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष भोला कुमार यादव आदि शामिल हैं।

### बरवाडीह में मरांडी की जनसभा आज



**बरवाडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शनिवार को संकल्प यात्रा के महती जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में 11:00 बजे पहुंचेंगे। इससे पूर्व मरांडी पूर्व मंत्री यमुना सिंह, अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा, विवेकानंद चौक में विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह समेत कई पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर जमे हुए है और तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### कांग्रेस नेता भााजपा में करेंगे घर वापसी

**महुआडांड़।** कांग्रेस के लातेहार जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल शनिवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ बरवाडीह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष घर वापसी करेंगे। इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संजय जायसवाल ने कहा कि भारत की अन्य पार्टी परिवारवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद की राजनीति करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की राजनीति करती है। पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करती है। सबका साथ, सबका विकास करना ही पार्टी की नीति है। इसी से प्रभावित होकर पुनः घर वापसी कर रहें हैं। संजय जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 30 वाहनों का काफिला बरवाडीह जायेगा।

### घर-घर जाकर मिट्टी का किया गया संग्रह



**मनिका।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह किया गया। सिंजो पंचायत के ग्राम बड़ी में कलाकारों ने घर - घर जाकर कलश में मिट्टी संग्रह किया। मौके पर विजय कुमार रवि, कुमार विशाल, प्रिंस राज, समृद्धि कुमारी, पूजा कुमारी अशोक कुमार मौर्य आदि उपस्थित थे।

### टमाटर सोस यूनिट लगाने की मांग की

**बारियातु।** कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव ने रांची में कृषि मंत्री बादल पत्थलेख से उनके आवास पर मुलाकात कर टमाटर की उपज को देखते हुए सोस यूनिट लगवाने के लिए आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से बताया कि पूरे क्षेत्र में किसान वर्षों से टमाटर की खेती करते आ रहे हैं। हजारों टन टमाटर विभिन्न राज्य बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, यूपी, दिल्ली आदि व्यपारियों के माध्यम से औने पौने भाव में ले जाया जाता है। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इसे देखते हुए मंत्री से टमाटर सोस यूनिट लगाने की मांग की।

### हनुमान मंदिर निर्माण का शिलान्यास

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के कोनी पंचायत अंतर्गत मंझगांवा निवासी सहदेव सिंह ने दिवंगत पत्नी बिमला देवी के दशगात्र पर शुक्रवार को अपने गांव में ही हनुमान मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मृतक की आत्मा शांति के लिए मैं हनुमान मंदिर का निर्माण करूंगा। पुत्र प्रदीप सिंह ने कहा कि मेरी माता पूजा पाठ में विशेष ध्यान रखती थी। इन्हीं बातों का ध्यान में रखते हुए हानुमान मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। जल्द ही मंदिर का निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया जायेगा। शिलान्यास में मुख्य रूप से हरिश्चंद्र सिंह, श्याम सिंह, सुनील सिंह, वीरेंद्र सिंह, सीताराम सिंह, अनिल सिंह, बब्लू सिंह समेत कई अन्य शामिल थे।

### छात्राओं को दी कानून की जानकारी

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश में व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपई द्वारा जिला मुख्यालय तथा इटखोरी प्रखंड स्थित बालिका विद्यालयों में लिट्रेसी क्लासेस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता अशोक कुमार सिंह एवं पैनल अधिवक्ता सूरज अग्रवाल द्वारा कस्तुरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, चतरा, सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता मृणाली प्रसाद एवं पैनल अधिवक्ता अभय कुमार सिन्हा द्वारा राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, चतरा तथा पैनल अधिवक्ता इंदू भूषण कुमार द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी में लिटरेसी क्लास संपादित किया गया, जिसमें वर्ग नवम एवं दशम के छात्राओं को भारतीय कानून के संदर्भ में जानकारी दी गई, साथ ही साथ भारतीय दण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता, पोकसो एक्ट दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा के कू-कृत्यों से भी अवगत कराया एवं चतरा जिले में हो रहे नशे के व्यापार, उससे संबंधित एनडीपीएस एक्ट के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के संदर्भ में भी बताया गया एवं एक जानकार तथा अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# हथियार के बल पर हुई लूट का खुलासा, चार लुटेरे गिरफ्तार

## 1 लाख 30 हजार 210 रुपये नकद समेत टैब, फोन व लूटे गये कागजात किए गए बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत राहम बायपास में बेलवाटांड पुल के समीप बुधवार को रिकवरी एजेंट के साथ हुए लूटकांड का उद्भेदन कर चार लुटेरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। वहीं गिरफ्तार लुटेरों की निशानदेही पर 1 लाख 30 हजार 210 रुपये नकद समेत टैब, फोन व लूटे गये कागजातों को बरामद कर लिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने लूटकांड के उद्भेदन की जानकारी प्रेसवार्ता में देते हुए बताया कि भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत सुनील बाउरी नामक कर्मी से हथियार के बल पर 4 अक्टूबर देर शाम साढ़े 5 बजे 2.11 लाख नकद समेत मोबाइल फोन, टैब, थंब स्कैनर समेत अन्य सामान लूटे जाने की शिकायत की गई थी। इसके आलोक में एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बेलवाटांड निवासी 19 वर्षीय लालू अंसारी पिता जाहिद अंसारी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। आगे बताया गया कि आरोपी की निशानदेही पर तीन अन्य सहयोगियों 19 वर्षीय रमेश ठाकुर पिता बंशी ठाकुर, 20 वर्षीय संजय गंझू पिता महावीर गंझू पिता व 25 वर्षीय उमेश उरांव पिता कृष्णा उरांव जो सभी थाना क्षेत्र के पुरनी गोंदा निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं, साथ हीं दो अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। वहीं आरोपियों के पास से कांड में प्रयुक्त एक गोली समेत देसी हथियार व अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। बताया गया कि आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है, जिसके आलोक में सभी को कांड संख्या 226/23 धारा 392 दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। गठित टीम में इंस्पेक्टर सिंह के साथ पुअनि अशोक कुमार, पुअनि रोहित यादव, पुअनि दिनेश हेम्ब्रम, सअनि राजेश राम समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# पूर्व बीपीओ पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

## पूर्व मुखिया पति ने कार्रवाई के लिए थाने में दिया लिखित आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातू पंचायत की पूर्व मुखिया किरण देवी के प्रतिनिधि बिरेंद्र भुइयां ने पूर्व मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार पासवान पर योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के नाम पर अवैध पैसा वसूली का आरोप लगाया है। पूर्व मुखिया के पति ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में मुर्गी, बकरी व गाय शेड के प्रशासनिक स्वीकृति के नाम पर 5000 से 7000 प्रत्येक शेड पर करीब 70 लाभुकों से अवैध राशि की वसूली की गई है, जबकि प्रशासनिक स्वीकृति भी नहीं दी गई। बाद में बीपीओ का स्थांतरण गिद्धौर से टंडवा हो गया। उसके बाद राशि की मांग की गई तो टालमटोल किया जा रहा है। राशि वसूल में वर्तमान पंचायत सचिव कमलेश कुमार वर्मा व रोजगार सेवक उर्शिला टूटी का भी अहम योगदान है। इधर राजेश कुमार पासवान ने कहा कि प्रशासनिक स्वीकृति के नाम पर किसी प्रकार की राशि की वसूली नहीं की गई है। मामले में लगाया गया आरोप बेबुनियाद व आधारहीन है। योजना की प्रशासनिक स्वीकृति में कोई राशि नहीं ली जाती है।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर मोड से शुक्रवार को माइनिंग इंस्पेक्टर राजेश हांसदा ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। ट्रेक्टर व चालक मो. रियाजूल को थाना के सुपर्द कर दिया। ट्रैक्टर मझगवां पंचायत निवासी वारिस मियां का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि इस मामले में एनजीटी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनिका में दुर्घटनाग्रस्त वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

थाना अंतर्गत डिग्री कॉलेज के समीप लगभग चार से पांच दिन पूर्व कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना के बाद चालक अपनी कार को लॉक कर भागने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने वाहन को जेसीबी के माध्यम से थाना लाया, जहां शुक्रवार को मजिस्ट्रेट बीरबल उरांव एवं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में कार को खोला गया, जिसमें भारी मात्रा में दूसरे राज्यों की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कार मालिक अभी तक थाना नहीं पहुंचा है। पुलिस हर पहलू पर छानबीन कर रही है।

# कंपनी के पक्ष में पहुंचे लोगों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित वृंदा-सिसई कोल परियोजना के विरुद्ध रैयतों का आक्रोश चरम पर है। दो माह पूर्व ही परियोजना अधिग्रहण क्षेत्र के भूरैयतों ने पुतला दहन तक किया था। वहीं शुक्रवार को कटाही-मिश्रोल गांव में भूरैयतों के नब्ज टटोलने के प्रयास में गवां पहुंचे कथित कंपनी कर्मियों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। जितेंद्र उरांव, देवनारायण उरांव, पंकज उरांव आदि ने बताया कि ग्रामीण कंपनी के विरुद्ध पूरी तरह से अडिग हैं। हम दलालों की दाल नहीं गलने देंगे तथा किसी भी कीमत पर अपनी जमीनों को परियोजना के लिये नहीं देंगे। वहीं सूत्रों की मानें तो कुछ छुटभैये नेता ग्रामीणों को गुमराह करने में लगातार जी तोड़ प्रयास में जुटे हैं।

# जिउतिया : आज उपवास रख माताएं करेंगी संतान की लंबी उम्र की कामना

## बाजारों में देर शाम तक चहल पहल रही

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/टंडवा/इटखोरी**

जिउतिया पर्व को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के अलावे गिद्धौर, टंडवा, सिमरिया, प्रतापपुर, इटखोरी व मयूरहंड आदि प्रखंडों के बाजार में शुक्रवार को पूजन सामग्री के साथ खीरा व विशेष सब्जी आदि की खरीदारी करने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। ऐसे में बाजारों में देर शाम तक चहल पहल रही।

ज्ञात हो कि माताओं ने शुक्रवार को नहाई खाय का अनुष्ठान किया, शनिवार को सभी निर्जला उपवास रह कर जितवाहन की श्रद्धा और भक्ति से पूजा कर अपने संतानों के लिए करेंगी लंबी उम्र की कामना की। गिद्धौर प्रखंड के साथ विभिन्न



ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से जिउतिया का पर्व मनाया जाएगा। पर्व को ले सुबह से ही बाजार में चहल पहल देखी गई। पर्व के कारण फल एवं सब्जी की मांग बढ़ने से अचानक दाम में इजाफा देखा गया। केला 50 रुपये दर्जन, सेव व अनार 120 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिका, जबकि सब्जियों के दाम में भी बढ़ोत्तरी देखी गई।

# बरसात से घर क्षतिग्रस्त पीड़िता ने मांगा मुआवजा



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में आठ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत स्थित कोड़ास ग्राम निवासी अखिलेश राम का खपरैल मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे घर में रखी खाने-पीने की सामग्री पूरी तरह बर्बाद हो गई। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार शाम हमलोग खाना खा कर सोये थे। आधी रात अचानक तेज मूसलाधार बारिश होने लगी, जिससे घर के पीछे की दीवार गिर गई और देखते ही घर का ठाठ बांस भी पूरा गिर गया। किसी तरह हम लोग बाल बच्चों को लेकर घर से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए हम लोगों ने कई बार ग्राम सभा में नाम चढ़ाया मगर अब तक लाभ नहीं मिल पाया है। इसके कारण हम लोग टूटे-फूटे खपरैल मकान में रहने को विवश थे। इस समस्या को लेकर हमने पूर्व में भी मुखिया को अवगत कराया था मगर अब तक हम लोगों का समाधान नहीं हो पाया। अगर हम लोगों को समय पर प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल जाता तो आज यह स्थिति नहीं होती।

# उपायुक्त ने कहा, वनपट्टा है झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अबुआ बीर दिशोम अभियान (वन अधिकार अधिनियम) का क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि वनपट्टा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक योजना है। इसके सफल क्रियान्वयन तथा योजना के तहत अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ प्रदान करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को वनाधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाले वनपट्टा के बारे जानकारी पहुंचायी जाये। बैठक में ग्राम वनाधिकार समिति, अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति तथा प्रखंड/अनुमंडल/जिला स्तरीय एफआरसी सेल के गठन/पुनर्गठन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# आजीविका कर्मचारी संघ ने लगाया काला बिल्ला

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के प्रखंड स्तरीय इकाई महुआडांड़ में कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर जेएसएलपीएस के प्रबंधन की नीतियों का विरोध किया। साथ ही अपनी लंबित मांगों- जैसे बीमा नवीनीकरण, नियमितिकरण, वेतन पुनर्संरचना, यात्रा भत्ता बढ़ोतरी एवं आंतरिक पदोन्नति को लेकर पत्राचार एवं भौतिक वार्ता प्रबंधन के साथ करता आ रहा है, परंतु दुर्भाग्य पूर्ण है कि उपरोक्त मांगों को लेकर प्रबंधन के द्वारा लंबी अवधि से कोई पहल नहीं की जा रही है। इसको लेकर कर्मचारियों में काफी रोष है। इसलिए राज्य आजिविका कर्मचारी संघ के निर्देश पर आजीविका कर्मचारी संघ के छ5 से छ8 वर्ग के कर्मियों के द्वारा काला बिल्ला



लगाकर नीतियों का विरोध करते हुए प्रखंड कार्यालय से ही काम का निष्पादन किया गया। संघ के कर्मियों ने बताया कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं की जाती है तब तक पूरे राज्य में नीतियों का विरोध किया जायेगा, जिसमें कलमबंद हड़ताल और अनिश्चितकालीन हड़ताल भी शामिल होंगे। मौके पर बीपीएम तेजू खरवार, बीपीओ सुजीत कुमार, बीपीओ विनोद कुमार, संजय यादव, उत्तम कुमार, पंकज कुमार, अशोक कुमार अंगनी, लीली, पुष्पा, स्वर्णलता आदी मौजूद थे।

# बीडीओ ने जनता दरबार में किया मामलों का निपटान

**बरवाडीह।** उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन हुआ। इसमें बीडीओ राकेश सहाय ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान प्रखंड के दो दर्जन से अधिक लोगों ने बारिश के मौसम में आवास ध्वस्त होने का आवेदन दिया। वहीं आधे दर्जन से अधिक लोगों ने वृद्धा पेंशन को लेकर आवेदन दिया, जिसकी तत्काल स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया गया। वहीं बारिश से घरों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए संबंधित पंचायत सेवक व अंचल निरीक्षक को निर्देश दिया गया। 3 घंटे तक चले जनता दरबार के दौरान राशन, पेंशन, आवास भूमि से संबंधित समेत कई मामले आए।

## पहल विधायकों की उपस्थिति में उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक हुई

# 'डीएमएफटी मद की राशि खनन से प्रभावित क्षेत्रों में होगी खच'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

समाहरणालय सभागार में विधायक, लातेहार बैद्यनाथ राम, विधायक मनिका रामचंद्र सिंह की उपस्थिति में उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएमएफटी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक हुई। इस दौरान न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष बैठक का एजेंडा क्रमवार प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीएमएफटी मद में उपलब्ध राशि को खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए व्यय किया जाना है। उच्च प्राथमिकताओं में प्रखंड के सभी चिन्हित विद्यालय में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए सोलर की व्यवस्था, विद्यालयों में वज्रपात से बचाव के लिए तड़ित चालक का अधिष्ठापन, वाटर प्यूरिफायर, सीसीटीवी, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, ऑडिटोरियम का निर्माण एवं अधिष्ठापन, विद्यालय में




शिक्षकों की भर्ती, भवन मरम्मती, चहारदीवारी, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर, एवं भस्मक लगाने के लिए, एवं खेल मैदान का निर्माण, हाथी प्रभावित क्षेत्रो में आपातकालीन आश्रय गृह, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग यूनिट, स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की मरम्मती, चहारदीवारी, ट्रॉमा सेंटर निर्माण, इलेक्ट्रिक गार्बेज वाहन, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, निर्माण इत्यादि प्रस्तावित है।

बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उन पर न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर विधायक गण, उपायुक्त एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त लातेहार ने सभी सदस्यों को सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश, डीएमएफटी के तहत उपलब्ध राशि की खर्च करने, कौन-कौन सी योजनाओं को लिया जा सकता हैं, उसकी जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की राशि का खर्च खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहा है) में किया जाना है। इसके लिए ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाता है। चयन के समय उच्च एवं निम्न प्राथमिकताओं का ध्यान रखना है। उपायुक्त ने उच्च प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, वृद्ध-दिव्यांग, कौशल विकास, स्वच्छता आदि से संबंधित योजनाओं एवं निम्न प्राथमिकता में आधारभूत संरचना, सड़क, पुल/पुलिया, सिंचाई आदि से संबंधित योजनाओं को लेने की बात कही। डीएमएफटी से पूर्व में स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्यवयन में प्रगति, डीएमएफटी के अंतर्गत ली गई योजनाएं, डीएमएफटी अंतर्गत ली जाने वाली नई योजनाओं के अनुमोदन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की मरम्मती, चहारदीवारी, रोड निर्माण, ट्रॉमा सेंटर निर्माण, आंगनबाड़ी मरम्मती और निर्माण, स्कूल के चहारदीवारी निर्माण, लाइब्रेरी निर्माण, कौशल विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की चहारदीवारी आदि से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों को सर्व सहमति से अनुमोदित किया गया। विधायक राम एवं सिंह ने कहा कि डीएमएफटी की राशि से क्रियान्वित की जा रही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उनका जांच के उपरांत भुगतान किया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सांसद चतरा के प्रतिनिधि विनीत मधुकर, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं खनन प्रभावित प्रखंडो के प्रमुख/उप प्रमुख, मुखिया उपस्थित थे।

### चंदवा के मुखिया ने उठाया सड़क का मुद्दा

**चंदवा।** जिला स्तरीय डीएमएफटी की बैठक में शामिल होने पहुंचे चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने अधिकारियों के समक्ष माल्हन पंचायत में सड़क विहीन ग्रामीण क्षेत्रों का मुद्दा उठाकर सड़क निर्माण की मांग करने का काम किया है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जतरु मुंडा ने कहा कि माल्हन पंचायत में कई ऐसे गांव है जहां आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद सड़क तक नहीं पहुंची है। सड़क नहीं रहने के कारण गांव का विकास रुका पड़ा हुआ है। लोग आज भी पगडंडी के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं। मुंडा ने बीते 5 अक्टूबर को गनियारी गांव में सड़क नहीं रहने के कारण ममता वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाई इसके बाद एक गर्भवती महिला को स्वजन घाट पर उठाकर तीन किमी दूर खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाने की बात बताई। बताया कि कई समाचार पत्रों में इससे जुड़ी खबर प्रमुखता से छापी गई है। सड़क नहीं रहने से मरीजों, छात्रों व किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डेंगू के 3 व चिकुनगुनिया के 5 मरीज मिले

## डेंगु व चिकुनगुनिया के प्रसार को रोकने व रोकथाम के लिए बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोहरदगा जिला में डेंगु एवं चिकुनगुनिया के प्रसार को रोकने व रोकथाम हेतु बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को दोनों बीमारियों की पहचान व रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला मलेरिया चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लोहरदगा जिला में डेंगु व चिकुनगुनिया के प्रसार व रोकथाम के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला में डेंगु एवं चिकुनगुनिया के संभावित मरीजों की पहचान के लिए कुल 79 लोगों के सैंपल की जांच की गई थी जिसमें डेंगू के 3 और चिकुनगुनिया के 5 मरीज मिले। सभी उपचार की उपरांत ठीक हो चुके हैं। डेंगू व चिकुनगुनिया की जांच के लिए सैंपल की टेस्टिंग लगातार की जा रही है। एएनएम व सहिया के द्वारा घर-घर जाकर जलजमाव नहीं करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों यथा होर्डिंग, फ्लैक्स, माइकिंग के जरिये भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मरीज मिलने पर उसे दवाईयां दी जा रही हैं व उन्हें ठीक किया जा रहा है। अब तक कुल 4966 घरों में सर्वे किया जा चुका। 32 स्थानों पर डेंगू फैलाने वाले मच्छर के लार्वा पाये गये जिन्हें नष्ट किया गया। डेंगू के अतिरिक्त अन्य बीमारियां फैलानेवाले मच्छर के लार्वा भी 184 घरों में पाये गये जिन्हें नष्ट किया गया।



सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो ने कहा कि दोनों बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। कहीं भी जल जमाव नहीं होने दें। डेंगू फैलानेवाला मच्छर एडिस सिर्फ दिन में की काटता है। मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। मच्छर पनपने नहीं देना चाहिए। घर में पीने का पानी ढँक कर रखें क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। अगर डेंगू से संक्रमित किसी व्यक्ति को एडिस मच्छर काट लेता है तो वह मच्छर किसी भी व्यक्ति को डेंगू से संक्रमित कर सकता है। बैठक में सदर अस्पताल उपाधीक्षक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला भीबीडी पदाधिकारी, जिला सर्विलेंस पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सिटी मैनेजर नगर परिषद समेत इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉर्मेशन प्लैटफॉर्म के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### एसडीओ ने विकास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का एसडीओ अरविंद कुमार लाल द्वारा स्वेटर सिलाई बुनाई केंद्र व प्रखंड मुख्यालय स्थित पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया गया। वहीं सिलाई बुनाई कर्मियों द्वारा निर्मित वस्तु को रखने के लिये गोदाम की मांग की गई। मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत चौकनी में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर तलाब के मेड़ में लगा पौधा को जानवरो से बचने के लिये घेरान करने का निर्देश देते हुए अन्य योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कनीय अभियंता संजीत कुमार, सहायक अभियन्ता विशाल मिंज मौजूद थे।

### टेंपू व बाइक की टक्कर में युवक घायल

**सेन्हा।** सेन्हा अमन चौक के समीप मेन रोड में टेंपू और बाइक के टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जाता है कि लोहरदगा की ओर से टेंपू घाघरा की तरफ जा रहा था, जो अनियंत्रित हो सड़क किनारे झाड़ी में जा घुसा। ग्रामीणों की मदद से झाड़ी से गाड़ी निकाली गई। तभी टेंपू चालक ने नशे की हालत में सूझबूझ खो दिया और विपरती दिशा से लोहरदगा की ओर जा रहा बाइक सवार को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक को गंभीर चोटें आई है। उसे घायल अवस्था में ग्रामीणों ने सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ. संजीत आनंद के निगरानी में प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। घायल युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला निवासी ननकु उर्फ मोहन यादव का 20 वर्षीय पुत्र रवि यादव के रूप में की गई है। वह करीब एक माह से सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी ग्राम में अपने मामा सलिम उरांव के घर में रहता है। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त टेंपू को जब्त कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई।

### वृद्ध व विधवाओं को पेंशन का लाभ दें : बीडीओ



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण जनता के पलायन के पश्चात घर वापसी करने वाले लोगों के लिये राज्य सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा तथा पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए बताया कि 60 वर्ष से अधिक उम्र लोगों को वृद्धा पेंशन तथा 18 वर्ष या उसे ऊपर की विधवा महिलाओं को पेंशन योजना दिलाने का कार्य सभी लोग करें। इसके लिये जनसंपर्क अभियान चलायें। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री निराश्रित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जन जाति पेंशन योजना, एचआईबी एड्स पीड़ित योजना, स्वामी विवेकानंद निःसख्त स्वालंबन योजना, इंद्रा गांधी राष्ट्रीय वृद्ध, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार हित योजना सहित अन्य लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विश्व वन्य जीव संरक्षण दिवस पर सदन सह स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट आयोजित

# ‘वन्य जीव संरक्षित तो मानव सुरक्षित’

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट का आयोजन किया गया। सदन सह आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ लोहरदगा और गुमला के वन विभाग के अधिकारियों में गुमला प्रादेशिक अंचल वन संरक्षक थंगीयन पांडियन, लोहरदगा डीएफओ अरविंद कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार, पत्रकार राहुल कौशल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर गुमला के वन संरक्षक ने कहा कि वन्य जीवन के संरक्षण पर ही मानव जीवन सुरक्षित है क्योंकि जीवन चक्र में सभी एक दूसरे के लाभ हानि से जुड़े हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति संकल्पित होकर



कार्य करना चाहिए और अधिक से अधिक प्रयास करना चाहिए कि वन्य जीवों के निवास वाले क्षेत्रों को कोई हानी नहीं पहुंचे। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी पदाधिकारी और अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं विद्यालय की पत्रिका भेंट कर स्वागत किया। वन विभाग के पदाधिकारी ने स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट के विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कॉन्टेस्ट में भारतवर्ष सदन के राजन साहू को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला। बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया प्रथम स्थान पर रही और आकांक्षा पांडे द्वितीय स्थान पर रही हिंदुस्तान सदन से प्रिया कुजूर प्रथम अंकित उरांव द्वितीय तथा संदीप उरांव तृतीय हुए। फूलों झानो सदन से करीना उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यावर्त सदन से पूनम कुमारी प्रथम, प्रेरणा तिग्गा द्वितीय तथा शशि तिग्गा तृतीय हुए। तिलका मांझी सदन से किरण कुमारी प्रथम, अमन महली द्वितीय तथा पंकज उरांव तृतीय हुए। गणपत राय सदन से पलक कुमारी प्रथम, कशिश कुमारी द्वितीय, अमर उरांव तृतीय स्थान पर रहे। जम्बूद्वीप सदन से आशीष तिर्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहा उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रोशनी उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भारतवर्ष सदन से भैया राजन साहू को प्रथम स्थान, मृत्युंजय पाठक को द्वितीय स्थान और अमित उरांव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्तिक उरांव सदन से बिद्धू सिंह प्रथम, माइकल जेक्सन कुजूर द्वितीय तथा राहुल बाखला तृतीय रहे। अजनाभवर्ष सदन से पूर्णिमा कुमारी प्रथम, रितेश मुंडा द्वितीय तथा आदित्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिमवर्ष सदन से भैया सुभाष उरांव प्रथम, अपूर्वा शाहदेव द्वितीय, सत्यम कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी ने किया। मौके पर फोरेस्टर जया उरांव, वनरक्षी किशोर नंद कुमार, मुकेशचंद्र प्रजापति, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## किस्को में ‘संकल्प सप्ताह’ कार्यक्रम के तहत कृषि महोत्सव आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं सबका विकास) के क्रम मे लोहरदगा ज़िला के आकांक्षी प्रखंड किस्को में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग के द्वारा कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कृषि एवं सम्बद्ध विभागों का स्टॉल लगाया गया, जिसमें सहकारिता, भूमि संरक्षण, पशुपालन, प्रदान, उद्यान के साथ-साथ जिले के सभी एफपीओ द्वारा भी स्टाल लगाया गया। इस मौके पर आत्मा अंतर्गत कृषक वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम भी प्रखंड किस्को में किया गया और कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया।
मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनीत सूरज, किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, प्रमुख सुचित्रा भगत समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने विकास योजनाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का सत्यापन करने के लिये पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक की। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना अन्तर्गत संचालित आमबागवानी, दीदी बाड़ी योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पंचायतवार सत्यापन कर पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों निर्देश देते हुए कहा गया कि आम बागवानी में घेरान कार्य को पूर्ण करें। वहीं अपूर्ण पीएम



आवास के लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिये प्रेरित करने के लिये निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सचिवों को जेई एमबी सत्यापन करा कर मजदूरों को जल्द मजदूरी भुगतान करने के लिये कहा गया। मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, जेई संजीत कुमार, मनु कुमारी, ऐई विशाल मिंज के अलावे पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहु, डॉली तिर्की, अधीश खाखा, आरती चेयरमार्को, सुजीत उरांव, अधीश खाखा, नागमणी उरांव सहित रोजगार सेवक व अन्य प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने हेतू झारखंड शिक्षा विभाग की ओर से चलाये जा रहे कार्यक्रम 'प्रयास' के तहत प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बाल संसद, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति के सदस्यों द्वारा कई क्रियाकलाप आयोजित कर बच्चों को विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड के जिंगी स्थित रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बीते माह अगस्त में अपनी कक्षा में 100 प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि देखा जा सकता है कि अनियमित रूप से या कक्षा में उपस्थित रहने वाले छात्र - छात्राओं का प्रदर्शन कमजोर रहता है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पढ़ाई मे मेनत करें, तभी उनका भविष्य उज्जवल होगा। मौके पर शिक्षक ज्याइल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, सरोज कुमार डे, समीना खातून सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



**पहल** अर्धवार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# पुस्तक ही विद्यार्थी का होती है सच्चा दोस्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में अर्धवार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा विद्यार्थी लगन पूर्वक परिश्रम के बल पर सफलता के उच्चतम शिखर को छू सकता है। पुस्तक ही विद्यार्थी के लिए सच्चा दोस्त होती है अतः ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना करते हुए पुस्तक का अध्ययन विद्यार्थी सदैव करें। इस अवसर पर मेधावी भैया बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। भैया बहनों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान कक्षा सह क्रमशः कक्षा अरुण में आरवी कुमारी, नंदिनी उराव तथा सत्यम उरांव ने प्राप्त किया। कक्षा उदय में साहित्य शर्मा, उत्कर्ष नगेसिया एवं अदम्य ट्विष ने प्राप्त किया। कक्षा प्रभात में प्रणीत गुप्ता, प्रवीण उरांव तथा खुशबू राव को स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा प्रथम में आश्वी शाहदेव, प्रज्ञान कुमार गुप्ता एवं योगिता भारती ने प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय क से अमृता कुमारी, अर्पिता कुमारी एवं प्रिंस उरांव को स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा द्वितीय ख से प्रणीत कुमार, अमन लोहार एवं शौर्य कुमार ने स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से आराधना मेहता, पायल कुमारी एवं अंशु भगत को पुरस्कृत किया गया। कक्षा चतुर्थ से दिव्या उरांव, ऋषभ राज एवं पलक मेहता को स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा पंचम के से अंकित प्रजापति, कृष्ण कुमार साहू एवं रोहित कुमार साहू को पुरस्कृत किया गया। कक्षा पंचम ख से वत्सल कुमार गुप्ता, सुप्रशांत भगत एवं सिद्धार्थ शर्मा को स्थान प्राप्त हुआ। मंच संचालन अशोक सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन नंदकिशोर कुमार द्वारा किया गया। मौके पर महेंद्र कुमार मिश्रा, सुनीता कुमारी, गणेश प्रसाद, अशोक साहू द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर हमारे अभिभावक बंधु भगिनी भी अच्छी संख्या में आकर विद्यालय का मान बढ़ाया।




## कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**कैरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में शुक्रवार को अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसमें सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद, सचिव संजय कुमार साहू, संरक्षक शरत कुमार विद्यार्थी एवम प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा अतिथि परिचय एवं परीक्षा संबंधी विशेष जानकारी छात्र-छात्राओं की दिया देते हुए परिणाम जारी किए। इस अवसर पर संरक्षक ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं को और अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव एवं मंच का संचालन नारायण कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावक एवं सभी आचार्य उपस्थित थे।

### ‘पीड़ितों को निशुल्क सेवा देना ही समिति का लक्ष्य’



**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा एक पीड़ित मरीज को ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप राजधानी रांची के रवि स्टील निवासी कोमल सिंह पिता शिव शंकर सिंह लोहरदगा जिले के पतराटोली स्थित मधुर हॉस्पिटल में इलाजरत थे। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। मरीज के परिजन काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति के निलेश राजपूत ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। मौके पर मौजूद नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा पीड़ितों की सेवा ही मानव धर्म सिखाता है। आज समिति के लोग हर वक्त सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। समिति के द्वारा किया गया कोई भी कार्य निशुल्क होती है, जिससे लोगों को समिति के प्रति एक उम्मीद की किरण नजर आती है। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू, महामंत्री सुशील पटनायक समेत अन्य मौजूद थे।


## इलाज के दौरान हुई महिला की मौत के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य महकमा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
जिले के घाघरा प्रखंड अंतर्गत देवाकी कुसुमटोली गांव में डायरिया ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। गंभीर रूप से बीमार प्रतिमा देवी की मौत सदर अस्पताल गुमला में इलाज के क्रम में हो गई।
खबर मिलते ही प्रखंड प्रशासन हरकत में आया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. ए. के. एक्का के नेतृत्व में डॉ. रोहित एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी डोर टू डोर जाकर सिप्रोडॉक, इलेक्ट्रॉल, नोरफ्लोक्स टी जेड एवं जिंक सल्फेट की गोलियां बांटी। इस क्रम में सीएचसी कर्मियों द्वारा 15 लोगों के बीच दवा वितरण किया गया।
इधर विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित सुक्का ब्रिजिया अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी डॉ. एम .आर. आचार्या के नेतृत्व में गांव में जाकर शिविर लगाया, जहां 22 लोगों के बीच आवश्यक दवा का वितरण किया गया।
उल्लेखनीय है कि कुसुमटोली गांव में विगत तीन दिनों से डायरिया की चपेट में है और एक दर्जन से अधिक डायरिया से पीड़ित लोग लोहरदगा एवं गुमला में इलाजरत है। इसी क्रम में बुधवार की देर रात प्रतिमा देवी को सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में गुरुवार की रात उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व बच्चा जनने के क्रम में उसे दो यूनिट ब्लड चढ़ाया गया था और वह शारीरिक रूप से कमजोर थी, जिससे डायरिया को सहन नही कर सकी। शुकवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और दर्जनों लोगों के बीच दवा का वितरण किया। उन्होंने बताया कि संक्रमित सभी लोग अब खतरे से बाहर है।
इधर मामले की गंभीरता के मद्देनजर घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार कुसुमटोली पहुंचे और चिकित्सकीय टीम के कार्यों का जायजा लिया। यहां यह बताना आवश्यक है कि एक सौ घर वाले गांव मे 500 की आबादी है। गॉव में दो कुआं है, जिसमें एक कुआं गांव में और एक बाहर खेत मे है। एक चापाकल है, जिसकी स्थिति अच्छी नहीं है।
गांव में कुएं के पानी का स्वाद अच्छा नहीं होने के कारण गांव के अधिकांश लोग खेत स्थित कुएं का पानी का ही प्रयोग पीने के लिए करते हैं। लेकिन उक्त कुएं के मुंडेरा के चारों ओर दरार होने के कारण बाहर का पानी कुएं में प्रवेश करता है और पीने के लिए उपयुक्त नही है। लेकिन और कोई व्यवस्था नही होने के कारण लोग उसी कुएं के पानी को कपड़े से छानकर उपयोग में लाते हैं। हालांकि शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को पानी को गरम कर पीने सहित अन्य सावधानियां बरते जाने का निर्देश दिया गया।



## गागर में सागर

### सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट 57175 रुपए प्रति 10 ग्राम हुआ दाम



**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन की शुरूआत होने वाली है। ऐसे में सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट से लोगों को काफी राहत मिली है। शुक्रवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिली है। अगर आप गोल्ड खरीदने की सोच रहे हैं तो ये आपके लिए अच्छा मौका है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार की सुबह 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना 56735 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह बीते गुरुवार की सुबह 56825 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला था। वहीं 5 फरवरी 2023 को डिलीवरी वाला सोना आज लुढ़कर 57175 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह गुरुवार की सुबह 57300 रुपए के स्तर पर खुला था। चांदी की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स पर शुक्रवार की सुबह 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव गिरावट के साथ 66825 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर खुला है। यह गुरुवार की सुबह 67450 रुपए के भाव पर खुली थी। सोने-चांदी के वैश्विक भाव में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। चांदी का वैश्विक वायदा भाव शुक्रवार की सुबह चांदी 0.67 फीसदी या 0.14 डॉलर की तेजी के साथ 21.16 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। सोने और चांदी के भाव में हर दिन गिरावट देखी जा रही है। सोना 56 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। वहीं चांदी भी सस्ती हुई है। पिछले एक सप्ताह से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।

### डीजल निर्यात पर 21 सितंबर को लगाए प्रतिबंध को रूस ने वापस लिया

**नई दिल्ली।** रूस ने शुक्रवार को डीजल निर्यात पर लगाए प्रतिबंध को हटा दिया है। रूस सरकार ने कहा कि उसने पाइपलाइनों के माध्यम से समुद्री बंदरगाहों तक पहुंचाए जाने वाले डीजल निर्यात पर 21 सितंबर को लगाए प्रतिबंध को वापस ले लिया है। हालांकि गैसोलीन निर्यात पर प्रतिबंध अभी भी लागू है। डीजल रूस का सबसे बड़ा तेल उत्पाद निर्यात है, जो पिछले साल लगभग 35 मिलियन टन था, जिसमें से लगभग तीन-चौथाई पाइपलाइनों के माध्यम से भेजा गया था। रूस ने 2022 में 4.8 मिलियन टन गैसोलीन का निर्यात भी किया। सरकार ने एक बयान में कहा, पाइपलाइन द्वारा बंदरगाहों तक पहुंचाए जाने वाले डीजल ईंधन के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया है, बशर्ते कि निमार्ता उत्पादित डीजल ईंधन का कम से कम 50% घरेलू बाजार में आपूर्ति करे। प्रतिबंध लागू होने के बाद से, स्थानीय एक्सचेंज पर थोक डीजल की कीमतों में 21% की गिरावट आई, जबकि गैसोलीन की कीमतों में 10% की गिरावट आई है।

### शहरी सहकारी बैंक अब चार लाख तक दे सकेंगे गोल्ड लोन

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को शहरी सहकारी बैंकों के लिए बुलेट पुनर्भुगतान योजना के तहत दिए जाने वाले स्वर्ण ऋण की मौद्रिक सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये करने की घोषणा की। यह सिर्फ उन्हीं बैंको के लिए लागू होगा जिन्होंने 31 मार्च 2023 तक समग्र प्राथमिक क्षेत्र ऋण (पीएसएल) का लक्ष्य और उप लक्ष्य पूरा कर लिया है। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, इन बैंकों को उसके बाद लक्ष्य और उप-लक्ष्यों को पूरा करना जारी रखना होगा और इस मामले पर विस्तृत दिशानिर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह कदम 31 मार्च 2023 तक निर्धारित पीएसएल लक्ष्यों को पूरा करने वाले यूसीबी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। यूसीबी ने छोटे और सीमांत उधारकताओं की वित्त पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुलेट भुगतान योजना के तहत सोने और सोने के आभूषणों के खिलाफ ऋण की सीमा को दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मांग की थी।

### 87 प्रतिशत 2000 के नोट बैंकों में जमा के रूप में वापस आए



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 2000 रुपए के नोटों को लेकर अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए के 87 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा के रूप में वापस आए हैं। शेष को अन्य मूल्य के नोटों से बदला गया है। द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद दास ने कहा कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2,000 रुपए के 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट में से 12,000 करोड़ रुपए अब भी वापस नहीं आए हैं। आरबीआई ने पिछले शनिवार को कहा था कि 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ गए हैं, जबकि 14,000 करोड़ रुपए के नोट अब भी वापस आने बाकी हैं। केंद्रीय बैंक ने नोट वापस करने की समयसीमा भी एक सप्ताह के लिए बढ़ाई थी। दास ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर दृढ़ता से ध्यान देना चाहता है। जब तक मूल्यवृद्धि कम नहीं हो जाती, मौद्रिक नीति महंगाई को काबू में लाने पर काम करती रहेगी। दास ने कहा कि सरकार के बैंकर के रूप में आरबीआई को केंद्र सरकार के वित्त को लेकर कोई चिंता नहीं है।

### सीरिया में अमेरिकी सुरक्षा बलों ने तुर्की के हथियारयुक्त ड्रोन को मार गिराया

**दमिश्क।** अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने तुर्की के हथियारयुक्त ड्रोन को मार गिराया जो उत्तर पूर्व सीरिया में अमेरिकी सुरक्षा बलों के 500 मीटर निकट पहुंच गया था। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों का एक दूसरे के खिलाफ किया गया यह दुर्लभ मामला है। पेंटागन के प्रेस सचिव वायुसेना के ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक रेडेर ने इसे खेदपूर्ण घटना" बताया और कहा कि अमेरिकी सुरक्षा बलों को सुरक्षा के लिए बंकरों में जाना पड़ा क्योंकि तुर्की उनके आस-पास बमबारी कर रहा था। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने तुर्की के अपने समकक्ष से बात की और क्षेत्र में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई के अमेरिकी सुरक्षा बलों या वैश्विक गठबंधन के अभियान को किसी संभावित जोखिम से रोकने के लिए दोनों देशों के बीच निकट समन्वय के महत्व पर जोर दिया। रेडेर ने कहा, ह्यह्यह निर्णय अमेरिकी सेनाओं की सुरक्षा के लिए उचित कार्रवाई और आत्मरक्षा के अंतर्निहित अधिकार के तहत लिया गया।" अमेरिकी अधिकारियों ने नाम नहीं जाहिर करने के अनुरोध पर एसोसिएटेड प्रेस को बताया, ह्यह्यहमें संकेत मिला कि तुर्की ने जानबूझकर अमेरिकी सुरक्षा बलों को निशाना बनाया।

#### आज होगी जी.एस.टी. काऊंसिल की अहम बैठक

## अनाज समेत कई मुद्दों पर हो सकता है फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

7 अक्तूबर को जी. एस. टी. काऊंसिल की 52वीं मीटिंग होने वाली है। शनिवार को होने वाली इस अहम बैठक में कई मुद्दों पर फैसला हो सकता है। इलैक्ट्रिक व्हीकल व मोटे अनाज पर भी जी.एस.टी. की दरें घटाई जा सकती हैं। इसके अलावा बैठक में कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने संभावना है। इसमें इंश्योरेंस से लेकर ऑनलाइन गेमिंग पर जी.एस.टी. को लेकर भी चर्चा सकती है। वहीं, बैठक से कई इंडस्ट्रीज को बड़ा झटका लग सकता है। शनिवार को होने वाली जी.एस.टी. काऊंसिल की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसीनो पर 28 फीसदी टैक्स के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के साथ-साथ बाजरा सहित अन्य चीजों में टैक्स पुनर्गठन के पैंडिंग प्रपोजल्स और जी.एस.टी. अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर भी विचार कर सकती है। वहीं, बाजरा को बढ़ावा देने पर सरकार के फोकस को देखते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जी.एस.टी. परिषदबाजरा आधारित खाद्य उत्पादों को जी.एस.टी. से छूट देने की मंजूरी दे सकती है।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**

**"Expression of Interest"**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, चतरा अन्तर्गत NGO Schemes के तहत् निम्नलिखित सेवा प्रदान करने हेतु यथा (1) Diagnosis X-ray unit (2) Specimen Management- Collection of Respiratory (Excluding sputum) and EP Specimen- Free Diagnostic test of Extra pulmonary TB Cases of Public & Private Sector cases in Private Health facility (3) Specimen Management :- Collection of Respiratory (Excluding sputum) and EP Specimen- Pediatric TB Case Diagnostic by doing Gastric Lavage/Aspiration "Expression of Interest" आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक Registered Non-Government Organization (NGOs) or Private Health Service Providers दिनांक 28.10.2023 तक Speed Post या जिला यक्ष्मा केन्द्र, चतरा में हाथो–हाथ अपराह्न 4:00 बजे तक जमा कर सकते है।

अधिक जानकारी हेतु जिला यक्ष्मा केन्द्र, चतरा अथवा चतरा Official Website : - https://www.chatra.nic.in में पूर्ण विवरणी उपलब्ध है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा ।

PR.NO.308484 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स जयंत इंटरप्राईजेज, भवनाथपुर, जिला – गढ़वा संवेदक के द्वारा राज्य सम्पोषित योजना मद अंतर्गत डोरम से तेनुवा भाया उबका तक पथ निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 F2-103/2017-18 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 06.03.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.06.2019 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 284 दिनांक 20.05.2020, पत्रांक 1116 दिनांक 15.12.2021 एवं पत्रांक 184 (अनु0) दिनांक 16.02.2023 के द्वारा लिखित एवं प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से बार–बार निदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को अक्टुबर 2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको कालीसूची में डाल दी जायेगी।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 308543 (REO)23-24*D

**कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**

**Walk in Interview – विज्ञापन ( अटल मुहल्ला क्लीनिक)**

अपर मुख्य सचिव, स्वा0, चि0,शि0 एवं प0क0वि, झारखण्ड सरकार का पत्रांक–32(5)ब योजना दिनांक–25.05.2023, उप निदेशक सह राज्य नोडल पदाधिकारी, रा0श0स्वा0मि0, झारखण्ड का पत्रांक–53(H) राँची, दिनांक–03.07.2023 के आलोक में जिला चतरा शहरी क्षेत्र अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी व मलिन बस्तियों में आवासित लोगों वंचित निर्धन, गरीब परिवार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य में अटल मुहल्ला क्लीनिक का संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी Part Time चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु दिनांक– 14.10.2023 को **Walk in Interview** निर्धारित है। आवश्यक अर्हताएँ / शर्ते / जानकारियाँ निम्नांकित है :–

| क्र0सं0 | विवरणी | आवष्यक अर्हताएँ / शर्ते |
|---|---|---|
| | चिकित्सा पदाधिकारी (AYUSH) | |
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मान्यता प्राप्त संस्थान से BHMS/BUMS/BAMS की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष। |
| 3 | मानदेय | रू. 20000 ( बीस हजार रू.) मात्र प्रतिमाह अधिकतम। |
| 4 | कार्य का समय | 08:00 बजें पूर्वाह्न से 12:00 बजें मध्याह्न तक या आवश्यकतानुसार चार घंटे का अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपराह्न / संध्याकालीन समय का निर्धारण। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | **Walk in Interview** में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

**नोटः– सूचना की शर्ते जिले के वेबसाइट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।**

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.308559 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,**
**दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई-मेल : dpolatehar@yahoo.co.in**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत प्रखण्डों में संचालित 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, 03 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में खाद्यान्न, दूध, सब्जी, फल, अण्डा, मांस, मछली, स्टेशनरी, पोशाक, इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक पैकेज के लिए 1000/– रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक के DEO-CUM DPO SSA LATEHAR के नाम से भुगतेय अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) डिमांडड्रॉफ्ट, आवेदन के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 बिल्डिंग, द्वितीय तल लातेहार में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 09.10.2023 से 18.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक है तथा दिनांक 10.10.2023 से 27.10.2023 तक अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा समग्र शिक्षा अभियान जिला कार्यालय लातेहार में जमा किया जा सकता है। निविदा खोलने की विद्यालयवार विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

| निविदा से संबंधित विद्यालयों की विवरणी | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय लातेहार, चंदवा एवं बालूमाथ (पैकेज–01,02,03,04) | निविदा खोलने की तिथिः– 30.10.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे। |
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय मनिका, बरवाडीह एवं गारू (पैकेज–01,02,03,04) | निविदा खोलने की तिथिः– 31.10.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे। |
| झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हेरहंज, बारियातु एवं महुआडांड<br>नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू गारू | निविदा खोलने की तिथिः– 01.11.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे। |

इच्छुक निविदादाता के द्वारा निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरते हुए निविदा प्रपत्र को दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जाना है, जिसमें विद्यालय का नाम, तकनीकी बीड , वित्तीय बीड तथा पैकेज का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। निविदादाता को प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक पैकेज के लिए अलग–अलग निविदा जमा करना होगा।

निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन/रद्द/विभक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 308547 Human Resource Developement (23-24)_D

### इंडिगो फ्लाइट का सफर करना हुआ अब महंगा

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन शुक्रवार से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट के लिए फ्यूल चार्जेस लागू करेगी जिसके नतीजे में फ्लाइट टिकट के दाम करीब 1000 रुपए तक महंगे हो जाएंगे। कंपनी ने कहा कि यह चार्जेस संबंधित क्षेत्रों में दूरी पर निर्भर करेगा। यह कदम जेट ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बीच उठाया गया है। बता दें कि एयरलाइंस ने आखिरी बार 2018 में फ्यूल सरचार्ज लगाया था, जिसे फ्यूल की कीमतें कम होने के बाद धीरे-धीरे हटा लिया गया था। इंडिगो ने गुरुवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर बढ़ती एटीएफ कीमतों की भरपाई के लिए फ्यूल चार्ज पेश किया और कहा कि यह 6 अक्तूबर 2023 से प्रभावी होगा।

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा**
**e-mail ID – ahd-chatra@jharkhandmail.gov.in**

**–:आवश्यक सूचना:–**

चतरा जिलान्तर्गत वैसे सभी **Pet Shop** एवं **Dog Breeding** सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या निबंधित थे परन्तु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहे है, उन्हे सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, चतरा से सम्पर्क कर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, हेंसाग, राँची में जमा करें। अन्यथा नियमानुसार पशु क्रय–विक्रय एवं तदविषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 308478 Animal Husbandry(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा।**

**सूचना**

सूचना संख्या :–07 दिनांक :– 06.10.2023

निदेशालय पत्रांक 1494, दिनांक–21.09.2023 के आलोक में दिनांक 09.10.2023 को समय सुबह 10:00 से संध्या 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक आई0टी0आई0 उतीर्ण, प्रशिक्षणार्थी दिये गये वेब साईट (www.apprenticeshipindia.org) पर जाकर निर्देशित (Instructional) विडियो की सहयता से अपनी प्रविष्टि दर्ज करते हुए अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों ,आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ के साथ भाग लेना सूनिश्चित करें। इस संदर्भ में चतरा जिला अन्तर्गत अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने की कृपा करेंगे।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
सिमरिया, चतरा

PR 308524 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)**
**कार्यालयः- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।**
**पता- संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114**

**(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)**

जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बैग अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार हैं:–

(Rs.)

| S. No. | Company Name | Urea | DAP | MOP | SSP | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind/Imp | Ind/imp | | | 20:32:16 | 12:32:16 | 16:16:16 | 14:28:00 |
| 1 | IFFCO | 266.5 | 1350 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL /KRIBHCO | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.5 | 1350 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.5 | 1350 | 1700 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATRIX | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोटः–
1. Urea की प्रति बोरी 45 Kg Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size की होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में इस की शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्व उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.308549 Agriculture(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–18 वर्ष 2023–24**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 13.10.2023 को 05:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.10.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 16.10.2023 को 02:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of 200 mm X 165 mm X 250 Mtr. Deep HYDT Installation of 1.5 HP AC Submersible Motor Pump & Stabilizer etc in JNV, Chatra on "Turn Key Basis" for the Year 2022 -23 (Untied Fund) | JNV/CH/01 | 4,76,253/- | 10,000/- | 750/- | 30 Days |
| 2 | Construction of 200 mm X 165 mm X 250 Mtr. 02 Nos. Deep HYDT on "Turn Key Basis" in CRPF Camp, Chatra for the Year 2022 -23 (Untied Fund) | CRPF/CH/02 | 6,99,746/- | 14,000/- | 1250/- | 30 Days |
| 3 | Construction of 03 Units of WC with 03 Units Bath Room & Urinal at Police TOP -1 and 01 Nos. 125 x 115 mm x 90 Mtr Deep Drilled T/Well on "Turn Key Basis" for the Year 2022-23 (Untied Fund) | TOP-1/CH/03 | 9,55,710/- | 19,500/- | 1250/- | 45 Days |
| 4 | Construction of 06 Units of WC with 06 Units Bath Room & Urinal at Police TOP -2 and 01 Nos. 125 x 115 mm x 90 Mtr Deep Drilled T/Well with Installation of 1.5 HP AC Submersible Motor Pump & Stabilizer etc on "Turn Key Basis" for the Year 2022-23 (Untied Fund) | TOP-2/CH/04 | 17,83,030/- | 36,000/- | 5000/- | 45 Days |
| 5 | Construction of 200 mm X 165 mm X 250 Mtr. Deep HYDT Installation of 1.5 HP AC Submersible Motor Pump & Stabilizer etc in Fire Brigade Office, Chatra on "Turn Key Basis" for the Year 2022 -23 (Untied Fund) | FBD/CH/05 | 4,72,484/- | 10,000/- | 750/- | 30 Days |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 308498 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

ज्ञान की बात

**कुछ लोग दिखावे के लिए अच्छे बनते है मगर वे लोग ये भूल जाते है की ईश्वर से कुछ भी नहीं छिपा है वो आपको बाहर से नही भीतर से जनता है !**

**- अज्ञात**

# बारिश से उम्मीदों का आकाश

***झारखंड*** में खरीफ की खेती के लिए महत्वपूर्ण सावन व भादो की मॉनसूनी बेवफाई के बाद हथिया की बरसात ने किसानों में आगामी फसल के लिए एक आस जगाई है। लम्बे समय के बाद बीते दिनों से बारिश की झड़ी लगी है। इससे मौसम भी खुशगवार हो गया है। उमस व गर्मी के बाद झमाझम बारिश से जहां आम जनमानस को राहत मिली है वहीं खेत में लगी फसलों को फायदा होने का अनुमान है। हालांकि जून से सितंबर माह तक वास्तविक औसत वर्षापात 50 प्रतिशत या उससे भी कम रहने के कारण जिले में खरीफ की खेती लक्ष्य का महज 33 प्रतिशत ही हो सकी है। यानि 67 प्रतिशत खेत बारिश की आस में खाली रह गये हैं। राज्य के पलामू की बात की जाये तो धान की फसल तो महज 10प्रतिशत ही लगाई जा सकी है। सरकारी आकड़ों पर गौर करें तो धान के करीब 44 हजार हेक्टेयर रकबा के खेत खाली रह गये हैं। कृषि विभाग के आकड़ों के अनुसार पलामू में खरीफ मकई की खेती लक्ष्य के 62 प्रतिशत, दलहनी फसलें 41 प्रतिशत, तेलहनी फसल यथा तिल, मुगफली व सोयाबीन आदि 40 प्रतिशत एवं मोटे अनाज की खेती लक्ष्य का करीब 13 प्रतिशत ही हुई है। इसका मुख्य कारण मॉनसूनी बरसात का पर्याप्त नहीं होना रहा है। सरकारी आकड़ों के अनुसार चालू वर्ष के जून माह में जिले का वास्तविक औसत वर्षपात 37 प्रतिशत, जुलाई का 41 प्रतिशत अगस्त माह का 48 प्रतिशत रहा है। सितंबर माह में मौनसून के थोड़ा मेहरबान होने पर जिले में औसत वर्षा 206.6 मिमी के विरुद्ध वास्तविक औसत वर्षा 150.3 मिमी यानि 72.7 प्रतिशत हुई है। लगातार दूसरे वर्ष भी मॉनसूनी सीजन में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण जिले के बड़े व छोटे सभी जलस्त्रोत सूखे पड़े हैं। नतीजा ग्राउंड वाटर लेवल भी लगातार घटा है। जिसका प्रतिकूल असर खरीफ की खेती पर लगातार दूसरे वर्ष भी पड़ा है। जिसने किसानों की बची खुची पूंजी को भी स्वाहा कर पूरी तरह कमर तोड़ दी है। इधर 28 सितंबर से शुरू हुये हथिया नक्षत्र ने किसानों में रबी की फसल को लेकर एक आश जगाई है। जानकार बताते हैं कि हथिया नक्षत्र में घनघोर बारिश होती है। आसमान में काले बादल छाये रहते हैं। इसका असर भी पलामू में दीख रहा है। कहा जाता है कि हथिया की बरसात से खरीफ के साथ साथ आगामी रबी की फसल की खेती का भविष्य भी सुखद होता है। क्योंकि हथिया की बरसात से नदी नालों की बहार लौट आती है तो आहर व तालाब जैसे जलस्त्रोत लबालब भर जाते हैं। किसान के खेतों में लगी फसलों के लिए सिचाई की सुविधा आसान हो जाती है। लोक कवि घाघ ने भी कहा है कि 'आवत आदर ना दिनी, जात ना दिनी हस्त, ये दोनों पछताएंगे पाहून और गृहस्थ। बहरहाल हथिया की शरूआती रंग ने संकट से जूझ रहे किसानों में एक आस जगाई है। अगर हथिया ने इस बार धोखा दिया तो अकाल से कोई नहीं बचा सकता है। बहरहाल अन्नदाता के चेहरे पर आई मुस्कराहट बनी रहे,यही उम्मीद हम कर सकते हैं। इस बारिश से गेहूं खेती की पैदावार अच्छी होती है,तो कुछ हद तक धान की खेती पर मलहम लग सकता है।

**उमस व गर्मी के बाद झमाझम बारिश से जहां आम जनमानस को राहत मिली है वहीं खेत में लगी फसलों को फायदा होने का अनुमान है। हालांकि जून से सितंबर माह तक वास्तविक औसत वर्षापात 50 प्रतिशत या उससे भी कम रहने के कारण जिले में खरीफ की खेती लक्ष्य का महज 33 प्रतिशत ही हो सकी है।**

# एम. एस. स्वामीनाथन ने कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किये



***प्रोफेसर*** एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किये। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है - कृषि क्षेत्र का कायाकल्प। बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आये और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गये। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरूआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नये युग की शुरूआत की। कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें भारतीय हरित क्रांति के जनक की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है। हरित क्रांति में भारत की कैन डू की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था। प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरूआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को

**हरित क्रांति में भारत की कैन डू की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं।**

**इन दिनों**

मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले। इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की। कुरल ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे किसान वैज्ञानिक थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने 'मन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की। यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। उन्हें कई ऐसे केन्द्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था। मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से कुरल ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं। प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरूआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इन सिद्धातों में किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रोफेसर स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

**■ नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***अभिमानी*** भगवान ब्रह्मा स्वयं को 'प्रजापिता' अर्थात सभी का निर्माता और वेदों के ज्ञाता मानते थे इसलिए वे गरुड़ जी से सहमत नहीं थे। कबीर परमेश्वर ने धर्मदास जी को आगे बताया कि 'तब भगवान ब्रह्मा ने एक सभा बुलाई जिसमें भगवान विष्णु, भगवान शिव, इंद्रदेव, सभी देवता और ऋषि मौजूद थे। उनमें से कोई भी गरुड़ जी द्वारा बताये गये तथ्यों से सहमत नहीं था कि काल की दुनिया में हर कोई नश्वर है। अंत में, देवी दुर्गा को सत्य प्रकट करने के लिए बुलाया गया। उन्होंने गरुड़ जी का साथ देते हुए कहा कि तुम सब नाशवान हो। वास्तव में, एक पूर्ण ईश्वर कोई और है जो अजर अमर और सभी का पालन-पोषण करता है। यह सुनकर सभा की कार्यवाही स्थगित हुई और सभी चले गये। ब्रह्मा, विष्णु और शिव सहमत नहीं थे और उन्होंने गरुड़ जी से कहा कि वे जिस तरह से चाहते हैं उनकी जांच कर सकतें और उन्हें यह साबित करना होगा कि उन सभी के पास सीमित शक्ति है और केवल कर्मों का फल ही प्रदान कर सकते हैं। कबीर परमेश्वर ने धर्मदास से कहा कि इसके बाद गरुड़ जी मदद मांगने उनके पास आये। मैंने उनसे कहा कि 'बांग' देश (वर्तमान बांग्लादेश) में एक ब्राह्मण का 12 साल का बेटा है। उसके मरने में केवल तीन दिन शेष हैं। मैं उन्हें अपनी शरण में लेना चाहता था और उन्हें ब्रह्मा, विष्णु और शिव की सीमित शक्तियों के बारे में बताया जो आपकी उम्र नहीं बढ़ा सकते लेकिन वह मुझसे सहमत नहीं थे। लड़के के माता पिता बहुत चिंतित हैं। तुम उन्हे देवताओं के पास ले जाओ जो उसकी आयु नहीं बढ़ा पायेंगे। फिर तुम मेरे पास आना। मैं आपको बताऊंगा कि आपको आगे क्या करना चाहिए।

***(क्रमशः)***

# भारत में डॉल्फिन व संरक्षण के प्रयास

***डॉल्फिन*** एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण के लिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षण जीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनों के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं। भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पर्यावास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजाति अपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है। हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पर्यावास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पर्यावास का क्षरण है। तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पर्यावास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं, और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं। डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतः प्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पर्यावासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं। इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए, भारत समुद्री और नदियों में पाई जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पर्यावास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करेगी। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए ऐसी गतिविधियों की भी परिकल्पना की जायेगी, जो नदियों और महासागरों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी। इसके अतिरिक्त, गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में नामित किया गया है और केंद्र प्रायोजित 'वन्यजीव पर्यावासों का विकास' योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 22 गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है। गंगा नदी के किनारे डॉल्फिन के महत्वपूर्ण पर्यावासों को विक्रमशिला डॉल्फिन अभयारण्य, बिहार जैसे संरक्षित क्षेत्रों के रूप में अधिसूचित किया गया है। नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन और जलीय पर्यावासों का हित सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना (2022-2047) विकसित की गई है और विभिन्न हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों की भूमिका की पहचान की गई है।

**भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं।**

**डॉल्फिन संरक्षण**

**■ लीना नंदन**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**भविष्य तो उन्ही का है जो अपने सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।**

# महिला आरक्षण: किस करवट बैठेगा ऊंट



निर्मल रानी

***केंद्र*** सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के कयास जरूर लगाये जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चर्चाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम INDIA के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फैसला ले सकती है। यह भी कयास थे कि शायद यूनिफॉर्म सिविल कोड पर कोई फैसला हो, 'एक देश एक चुनाव' पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी कयासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीखों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - 'गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है। परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो जरूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरूआत भी की गयी। और इसके साथ ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रखा। अब इस अधिनियम को राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष खासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह जाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है। गौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

**शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीखों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - 'गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है।**

**महिला आरक्षण**


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वजन कंट्रोल करने के अलावा ये फायदे भी देती है हर रोज एक्सरसाइज करने की आदत

दिन भर कुर्सी पर बैठकर काम करने से पीठ में स्टिफनेस और कॉफ मसल्स में ऐंठन महसूस होने लगती है। इसके चलते शारीरिक अंगों में दर्द और बॉडी में कैलोरीज जमा होने लगती है। जो डायबिटीज, हृदय रोग और ब्लड प्रेशर समेत कई शारीरिक समस्याओं का कारण बन जाता है। अपने शरीर को हेल्दी रखने और खुद को दर्द व मोटापे समेत कई समस्याओं से बचाने के लिए एक्सरसाइज को अपने रूटीन में शामिल करना जरूरी है। एक्सरसाइज के यूं तो कई रूप हैं। अगर आप दिनभर में 15 से 20 मिनट एक्सरसाइज के लिए निकाल पाते हैं, तो इससे आपके शरीर को ये फायदे मिल सकते हैं।



## शरीर के लिए किस प्रकार फायदेमंद है कुछ देर की एक्सरसाइज

**वेटलॉस में सहायक :** अगर आप रोजाना कुछ देर स्वीमिंग, रनिंग या हाई इंटेसिटी वर्कआउट के लिए निकालते हैं, तो इससे आप एक्टिव रहते हैं। इसके अलावा आपको मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। जो पाचन संबंधी समस्याओं को दूर रखता है। इससे शरीर में अतिरिक्त फैट्स जमा नहीं हो पाते हैं और आप मोटापे की समस्या से बच जाते हैं।

**लचीलापन बढ़ना :** लगातार घंटों बैठकर काम करने से शरीर में स्टिफनेस बढ़ने लगती है। ऐसे में बहुत से लोग नीचे झुककर कुछ उठाना, जमीन पर बैठना और लंबे वक्त तक खड़े रहने में खुद असमर्थ महसूस करने लगते हैं। शरीर में बढ़ने वाली ऐंठन और दर्द से मुक्ति पाने के लिए बॉडी का फलैक्सिबल होना जरूरी है। इसके लिए कुछ देर योग व रनिंग के लिए जरूर निकालें।

**हड्डियों को बनाए मजबूत :** व्यायाम की मदद से हमारे मसल्स और हड्डियों दोनों को ही मजबूती मिलने लगती है। एनसीबीआई के मुताबिक एक्सरसाइज के दौरान प्रोटीन इनटेक से मांसपेशियों के निर्माण में मदद मिलती है। दरअसल एक्सरसाइज के जरिए हमारे शरीर में वे हार्मोंस रिलीज होते हैं, जिससे मसल्स में अमीनो एसिड को एब्जार्ब करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे चोट के दौरान हड्डियों के टूटने का खतरा कम हो जाता है। एम्र के साथ लोगों की हड्डियों में होने वाले दर्द से राहत पाने के लिए एक्सरसाइज अवश्य करें।

**एनर्जी लेवल को बढ़ाए :** एनसीबीआई के रिसर्च के अनुसार एक्सरसाइज लोगों के शरीर के लिए रियल एनर्जी बूस्टर के तौर पर काम करता है। एक स्टडी के मुताबिक 6 सप्ताह तक 36 लोगों ने लगातार एक्सरसाइज की, जिससे उनमें हर वक्त रहने वाली थकान की समस्या खत्म हो गई। अगर आप एरोबिक एक्सरसाइज को अपने वर्कआउट रूटीन में एड करते हैं, तो इससे हार्ट बेहतर तरीके से पम्प करता है। इससे वो नियमित तौर पर ब्रेन और मसल्स में ब्लड और ऑक्सीजन की सप्लाई करता है। इससे वर्क प्रोडक्टिविटी बढ़ने लगती है।

**क्रॉनिक डिजीज के रिस्क को करे कम :** रेगुलर व्यायाम से शरीर में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम होने लगता है। दरअसल, एक्सरसाइज करने से शरीर में फैट मास, ब्लड प्रेशर, इंसुलिन रसिसटेंस और ग्लाइसेमिक नियंत्रण में मदद मिलती है। इसके अलावा शरीर में एचडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है, जो हृदय संबंधी रोगों के जोखिम को कम कर देता है। साथ ही उम्र के साथ बहुत से लोगों में बढ़ने वाली हाइपरटेंशन की समस्या से भी बचा जा सकता है।

**मानसिक तनाव करे कम :** हर उम्र के लोगों में तनाव की समस्या लगातार बढ़ रही है। इससे राहत पाने के लिए वर्कआउट एक आसान और सटीक उपाय है। कुछ देर साइकलिंग, स्वीमिंग, एरोबिक्स या कोई अन्य एक्सरसाइज करने से ब्रेन से एंडोर्फिन यानि हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं। जो मेंटल हेल्थ को बनाए रखने में मददगार साबित होते हैं।

**नींद न आने की समस्या होगी हल :** उम्र के साथ अधिकतर लोगों में नींद न आने की समस्या बढ़ने लगती है। फिजिकल एक्टीविटी की कमी इसका एक प्रमुख कारण है। ऐसे में खुद को फिजिकली एक्टिव रखने के लिए एक्सरसाइज अवश्य करें। जो शारीरिक थकान में सहायक साबित होता है। इससे आपके सोने और उठने का नियम अपने आप बनने लगेगा, जिससे आप 8 से 10 घण्टे की भरपूर नींद ले पाएंगे।

❖ ज्योति सोही

# पैनिक अटैक के इन लक्षणों को ना करें अनदेखा

पैनिक अटैक एक ऐसा दौरा होता है, जिसके बारे में कई बार हमें पता नहीं चल पाता है। गहरे दुख या फिर अवसाद की स्थिति में लोग पैनिक अटैक का शिकार होते हैं। पैनिक अटैक के दौरान व्यक्ति को पसीना बहुत आता है, सांस लेने में परेशानी होती है और ऐसा लगता है जैसे दिल का दौरा पड़ रहा हो। पैनिक अटैक एक ऐसा दौरा होता है, जिसके बारे में कई बार हमें पता नहीं चल पाता है। गहरे दुख या फिर अवसाद की स्थिति में लोग पैनिक अटैक का शिकार होते हैं। पैनिक अटैक के दौरान व्यक्ति को पसीना बहुत आता है, सांस लेने में परेशानी होती है और ऐसा लगता है जैसे दिल का दौरा पड़ रहा हो। कई बार इस स्थिति में लोगों को समझ नहीं आता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। लेकिन इस बारे में जानकारी होना काफी ज्यादा जरूरी होता है। हांलाकि यह अटैक कुछ समय के लिए होता है, लेकिन इसका अनुभव काफी ज्यादा खतरनाक होता है।



## पैनिक अटैक का कारण

बता दें कि पैनिक अटैक का कोई ठोस कारण नहीं है। यह अटैक बिना किसी चेतावनी के अचानक कहीं भी आ सकता है। लेकिन पैनिक अटैक आने के पीछे का मुख्य कारण डर या फिर एंजायटी हो सकती है। जब किसी चीज या बात पर कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा घबरा जाता है, तो वह घबराहट और डर एंजायटी में बदल जाता है। किसी बड़ी दुर्घटना या जीवन में किसी गहरे दुःख के कारण भी पैनिक अटैक आ सकता है। लेकिन स्थिति ठीक होने पर व्यक्ति पैनिक अटैक से उबर जाता है।

## पैनिक अटैक के लक्षण

तेज गति से दिल का धड़कना
सांस लेने में तकलीफ होना
कोई बहुत बड़ा दुःख
कांपना या हिलना

## छाती में दर्द

पेट में ऐंठन
पसीना आना
मौत का डर
ठंड लगना
झुनझुनी
सिरदर्द

अवसाद

## ऐसे करें बचाव

पैनिक अटैक आता है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले डॉक्टर के पास जाना चाहिए। हालांकि पैनिक अटैक जानलेवा नहीं होता है, लेकिन इसका दिमाग पर गहरा असर पड़ सकता है। पैनिक अटैक से व्यक्ति की जिंदगी पर गहरा असर पड़ सकता है। इससे बचने के लिए आपको अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज शामिल करना चाहिए। अरोमाथेरपी का सहारा लें, सांस वाले व्यायाम करें और मेडिटेशन का सहारा लें। इसके साथ ही किसी अच्छे डॉक्टर से काउंसलिंग करवाएं। इससे आप पैनिक अटैक के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# चुनाव समय ढूंढ़े मोको

चुनाव समय ढूंढ़े मोको, बाकी समय उसको मैं।
न मंदिर में न आश्रम में, न घर-दुआरे-पाछे में।
न खेतों में, न आंगन में, न झुग्गी-झोपड़िया में॥
न मैं नीति में, न मैं रीति में, न मैं सत्ता के अधरों में।
चार बरस से पहले मैं, बेकार हूं सरकार गिराने में॥
नहीं पूछ है, नहीं है रुतबा, मुंह छिपाती घूम रही मैं।
वोट बनकर बैठी हूं मैं, मेनिफेस्टो और पोस्टर में॥
खोजकर देखो मैं मिल जाऊं, हाइवे और चौराहों में।
कहे वोटर सुनो भई लंपट, वह तड़पती अनसुनी रागों में॥



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', चरवाणी : 7386578657

**भावार्थ :** वोटर के अनुसार चुनाव के समय नेता गायों को खोजते हैं। बाकी समय गायें उनके नाम पर वोट बटोरने वाले नेताओं की तलाश करती रहती हैं। चुनाव के बरस नेता हमें कहां-कहां नहीं ढूंढ़ते। उन्हें मैं कैसे बताऊं न मैं मंदिर में हूं न घर-द्वार-पिछवाड़े में। न खेत-आंगन में हूं न झुग्गी-झोपड़ियों में। न मैं सत्ता की नीतियों-रीतियों में हूं न उनके होंठों में। अलबत्ता संस्कृति विभाग की नेता अपनी संतानों के होटलों में स्टाइलिश इंग्लिश नाम से स्वादिष्ट क्विजिन बनकर बेशकीमती प्लेटों में परोसी जाती हूं। मिलूंगी या दिखूंगी भी क्यों? मैं तो नेताओं के लिए चार बरस तक मिस्टर इंडिया की तरह गायब रहती हूं। चार बरस तक सरकार गिराने में लाचार हूं। इसीलिए मुझे इस दौरान कोई नहीं पूछता। चुनावी बरस जैसी न पूछ होती है न रुतबा। मैं तो उनके मेनिफेस्टो और पोस्टरों में मान-सम्मान और दुनिया भर की सुख-सुविधाएं पाती हूं। बाकी समय हम स्वस्थ होने पर कहीं बीफ बनकर तो कहीं लंपी का शिकार होकर हाइवे-चौराहों पर नजर आती हैं। ऐसे सत्ताधारी नेताओं को देखकर हमें शर्म आती है। कसाइयों से ज्यादा इन्हें देखकर मुंह छिपाना पड़ता है। छद्म राष्ट्रवाद और छद्म धर्म के नाम पर छद्म सेवा का खेल सबसे खतरनाक होता है। हमारे संरक्षण और संवर्धन के नाम पर, हमारे विरोधियों का सिर कुचल दिया जाता है और हमारे नाम पर वसूले लाखों-करोड़ों का चंदा खुद गाय बनकर खा जाते हैं। कम से कम चारे को पचाने के लिए जुगाली तो करते हैं, वे तो बिना जुगाली सब डकार जाते हैं। इनका पाचन तंत्र की क्षमता दर्ज करने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड वाले इन्हें चप्पा-चप्पा ढूंढ़ रहे हैं। एक बार के लिए हम किसी से बचे न बचें, लेकिन ऐसे सत्ता के लंपटों से कतई नहीं बच सकते।

अंत में वोटर लीचड़ किस्म के नेताओं से कहता है-- हे स्वार्थी! गिरगिट के वंशजो! मेनिफेस्टो और पोस्टरों से उतरो और जाकर उसे लंपी बीमारी से ग्रस्त विकास के चौराहों-हाइवे पर ढूंढ़ो। क्या पता स्पीड ब्रेकर के रूप में ही सही, वहीं मिल जाएं।

# बॉडी के एक्स्ट्रा पाउंड्स कम करना है तो ये टिप्स आ सकते हैं आपके काम

बहुत से ऐसे लोग हैं, जो वजन कम करने के लिए मील स्किप कर देते हैं। इससे आप थकान और कमजोरी का भी शिकार होने लगती है। जानते हैं ऐसे कितने तरीके हैं, जिनकी मदद से कैलोरीज को बर्न किया जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि वजन को कम करना एक मुश्किल टास्क है। मगर उसे कम करने के लिए हेल्दी तरीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। बहुत से ऐसे लोग है, जो वजन कम करने के लिए दिनभर में एक से दो मील स्किप कर देते हैं। इससे वजन कम होने के साथ साथ आप थकान और कमजोरी का भी शिकार होने लगती है। जानते हैं टोनिंग व्यायाम से लेकर हेल्दी डाइट तक ऐसे कितने तरीके हैं, जिनकी मदद से शरीर की अतिरिक्त कैलोरीज को बर्न किया जा सकता है।



## बॉडी को फैट फ्री रखने के लिए इन बातों का रखें ख्याल

**छोटी मील्स लें :** एक वक्त में ज्यादा खाना खाने की अपेक्षा दिनभर में छोटी मील्स लें। इससे शरीर में अतिरिक्त कैलोरीज जमा होने की समस्या हल हो जाती है। दूसरी ओर अगर आप लंबे वक्त तक खाली पेट रहती हैं। तब भी वेटगेन भी संभावना बढ़ने लगती है। एक्सपर्ट के मुताबिक दिनभर में 7 से 8 स्मॉल मील्स लें।

**ब्रेकफास्ट स्किप न करें :** सुबह का नाश्ता आपको दिनभर संतुष्ट रखने में मदद करता है। ऐसे में बॉडी में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट लेना जरूरी है। इससे आपका शरीर स्वस्थ और बीमारियों से दूर रहता है। रात के खाने में आप कुछ हल्का खा सकते हैं। चाहें तो डिनर में फ्लूइड डाइट लें।

**कोर मसल्स को करें टोंड :** फ्लैबी स्किन फैट से मुक्ति पाने के लिए कोर मसल्स को टोंड रखने वाली एक्सरसाइज को अपने रूटीन का हिस्सा बनाएं। इससे मसल्स मजबूत होंगे और आपका बैली फैट भी कम होने लगेगा। अपने आप को स्लिम करने के लिए दिन की शुरूआत वर्कआउट से करें।

**मलासन वॉक करें :** सबसे पहले मैट पर सीधे खड़े हो जाएं और अब घुटनों को मोड़ते हुए पैरों के भार जमीन पर बैठें। इस दौरान आपके हिप्स जमीन को टच नहीं होन चाहिए। इसके बाद गहरी सांस लें और दोनों हाथों को नमस्कार की मुद्रा में रखें। धीरे धीरे सांस छोड़ें। इस प्रक्रिया अलावा अब इसी पोज में चलने का प्रयास करें। दोनों पैरों को आगे की ओर बढ़ाएं और वॉक करें। इस पोज में 1 मिनट की वॉक करने के बाद नॉर्मल पोजिशन में आ जाएं।

**उत्कट कोणासन भी है फायदेमंद :** इस योगासन को करने के लिए मैट पर खड़े हो और पीठ सीधी रखें। अब दोनों पैरों के मध्य गैप मेंटेन कर लें। घुटनों को मोड़ लें और टांगों में गैप मेंटेन रखें। उसके बाद पैरों के पंजों को बाहर की ओर निकालकर एड़िया अंदर की ओर करें। इसके बाद दोनों बाजूओं को कोहनी से मोड़कर हथेलियों को आसमान की ओर रख ले। इस योग को करने के लिए कमर को सीधा रखें। 25 से 30 सेकण्ड तक इस पोज में रहने के बाद बॉडी को नॉर्मल पोजिशन में ले आएं।

**फोरआर्म प्लैंक एक्सरसाइज :** कोर मसल्स को मजबूत बनाने और स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए प्लैंक को अपने वर्कआउट रूटीन का हिस्सा बनाएं। इससे शरीर में लचीलापन बना रहता है। इसके लिए मैट पर पेट के बल लेटकर दोनों हाथों को चेस्ट के पास रखकर उपर की ओर शरीर को उठाएं। पैरों के मध्य दूरी बनाकर रखें। टोजं के बल पर शरीर के निचले भाग को उपर उठाएं। इसे करते वक्त सिर को आगे की ओर रखें।

## सूडोकु नवताल- 6845

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6844 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**07 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.44 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक | 08.59 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.15 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.20 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 15.06 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.39 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.10 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.50 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.48 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.01 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | सिंह | 02.17 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.29 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 280 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 08.09 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 23.57 बजे को समाप्त। **योग** शिव अहोरात्र। **करण** कौलव 08.09 बजे तदनन्तर तैतिल 21.08 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 19' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871759 **जूलियन दिन** 2460224.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 21 **विशेष** नवमी श्राद्ध, अविधवा नवमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7907



**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज, पंकज, नीरज-3
7. चरित्र, धर्म-5
8. वचन, प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन, कहासुनी-4
17. रुपया, पैसा-2
19. भ्रम, संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2. अधिवर्ष, 29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ, गला-3
4. लाज, लज्जा-3
5. विवाह, ब्याह-2
6. सोना, धतूरा-3
9. टेका, आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा, लाइन-3
14. हत्या, मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर, गृह, निवास-3
22. युद्ध, संग्राम -2

### शब्द पहेली -7906 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मिथुन राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कर्क राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**सिंह राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**तुला राशि :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक राशि :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मकर राशि :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमले की धमकी, मुंबई पुलिस सतर्क

**मुंबई।** मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमले संबंधी ई-मेल आने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। इस धमकी भरे ई-मेल करने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को एक धमकी भरा ई-मेल आया था। इस ई-मेल के जरिये सरकार से 500 करोड़ रुपये की मांग की गई है। ऐसा नहीं करने पर प्रधानमंत्री मोदी और उनके नाम पर गुजरात में बने स्टेडियम पर हमला करने की धमकी दी गई है। ई-मेल में कहा गया है कि भारत में सब कुछ बिकता है, हमने भी कुछ खरीदा है। आगे मेल में कहा गया कि चाहे आप कितनी भी सुरक्षा बढ़ा लें, आप हमसे बच नहीं सकते। यदि आप चर्चा को आगे जारी रखना चाहते हैं, तो आपको इस मेल का उत्तर देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। धमकी भरा ई-मेल आने के बाद इसकी सूचना संबंधितों को भेज दी गई है। साथ ही मुंबई पुलिस की टीम साइबर पुलिस टीम की मदद से आगे की जांच कर रही है।

### केंद्र ने सिक्किम में आपदा को लेकर जारी की राहत राशि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिक्किम में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य आपदा मोचन निधि से केंद्रीय हिस्से की 44.80 करोड़ रुपये की दोनों किस्तें जारी करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड, बादल फटने और फ्लैश फ्लड के कारण राज्य को हुई हानि का आकलन करने के लिए मंत्रालय ने एक अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) का गठन किया है। यह टीम प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी। इस टीम के आकलन के आधार पर सिक्किम को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रीय आपदा मोदन निधि (एसडीआरएफ) से अतिरिक्त केंद्रीय सहायता की मंजूरी दी जाएगी।

### उदयपुर : हवाला के 1.44 करोड़ पकड़े

**उदयपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उदयपुर में गुरुवार रात 3 थानों की पुलिस और डीएसटी की टीमों ने हवाला कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए 1.44 करोड़ की हवाला राशि जब्त की। टीमों ने घंटाघर क्षेत्र में करजाली हाउस और कोहिनूर कॉम्पलेक्स पर दबिश देकर 1.44 करोड़ रुपये जब्त किए। कुल 7 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई मोती चौहट्टा स्थित करजाली हाउस के बाहर की गई। यहां घंटाघर और धानमंडी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने चार युवकों को डिटेन किया। उनका बैग खोलकर देखा तो उसमें 1 करोड़ 21 लाख 40 हजार रुपये निकले। चारों इस बैग को कहीं ले जाने की तैयारी में थे, तभी पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। दूसरी कार्रवाई घंटाघर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने घंटाघर स्थित कोहिनूर कॉम्पलेक्स की दूसरी मंजिल पर दबिश दी। यहां से तीन युवकों से 22.90 लाख रुपये जब्त किए गए। कार्रवाई में डीएसपी चांदमल सिंगारिया, हाथीपोल सीआई लीलाराम, धानमंडी सीआई सुबोध जांगिड़, डीएसटी प्रभारी देवेन्द्र देवल शामिल रहे। पुलिस फिलहाल इन आरोपितों से पूछताछ में जुटी है।

### मुंबई में पांच मंजिला इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव इलाके में स्थित समर्थ सृष्टि नाम की पांच मंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार तड़के लगी आग में सात लोगों की मौत हो गई । आग लगने की सूचना मिलते ही 10 गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने करीब 50 लोगों को सुरक्षित निकाला। इनमें से काफी लोगों को धुआं की वजह से सांस लेने में दिक्कत महसूस होने पर कूपर अस्पताल और एचबीटी ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाया गया। इनमें से कुछ लोग झुलस भी गए हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव अभियान जारी है।

## राष्ट्रपति 9 को अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का करेंगी उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 09 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी), पूसा में अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। अनुसंधान से प्रभाव तक : न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर विषय पर आयोजित इस चार दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा की जाएगी।



सम्मेलन के मुख्य वक्ताओं में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत और सीजीआईएआर के अंतरिम कार्यकारी प्रबंध निदेशक प्रो. एंड्र्यू कैंपबेल शामिल हैं। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों को बताया कि यह सम्मेलन और इसका विषय हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें स्पष्ट रूप से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की बात की गई है। डॉ. पाठक ने कहा, इसमें जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और पोषण के संबंध में महिलाओं के लिए नेतृत्व और निर्णय लेने की भूमिकाओं को पहचानना और बढ़ावा देना शामिल है। इस आयोजन के दौरान 140 से अधिक मौखिक प्रस्तुतियां, 85 पोस्टर, 25 उच्चस्तरीय पूर्ण और मुख्य वक्ता के साथ-साथ 60 समानांतर सत्र शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक और भारतीय महिला उद्यमी अपने काम और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। सम्मेलन के प्रतिनिधि अनुसंधान संस्थानों, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और विस्तार प्रणालियों, गैर सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों, वित्त पोषण भागीदारों, नीति-निर्माण निकायों और निजी क्षेत्र की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वामपंथी उग्रवाद को अगले दो वर्षों में पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प का यह वर्ष है। राज्यों के सहयोग से 2022 और 2023 में इस समस्या के खिलाफ बड़ी सफलताएं प्राप्त हुई हैं। अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है।

अमित शाह ने नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केंद्र सरकार के सचिव, राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शाह ने आगाह किया कि वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने की जरूरत है जिससे वहां यह समस्या फिर से खड़ी न हो सके। हमारी जीरो




टॉलरेंस की नीति के परिणामस्वरूप चार दशक में सबसे कम हिंसा और मृत्यु 2022 में दर्ज की गई है।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में अच्छी सफलता हासिल हुई है, अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से अब तक निर्वात (वेक्यूम) क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है, हमने सीएपीएफ के 195 नए शिविर स्थापित किए हैं, साथ ही 44 नए शिविर और स्थापित किए जाएंगे। मोदी सरकार की प्राथमिकता वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती, विकास का संतुलन और निर्वात क्षेत्रों में शिविर स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 के कालखंड के मुकाबले 2014 से 2023 के बीच वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा में 52 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, सुरक्षाबलों की मृत्यु में 72 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 68 प्रतिशत की कमी आई है।

गृहमंत्री ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण पर प्रहार करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सभी राज्यों की एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण को रोकने के लिए प्रभावित राज्यों को अपने यहां नागरिक और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2017 में वामपंथी उग्रवाद के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया गया है। मोदी सरकार ने 9 वर्षों में सुरक्षा से जुड़े खर्च को पहले की तुलना में लगभग दोगुना बढ़ाने का काम किया है।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के निर्माण, राज्य के खुफिया उपकरणों और उग्रवाद से प्रभावित राज्य के विशेष बलों को मजबूत बनाने के लिए 992 करोड़ रुपये की विशेष बुनियादी ढांचा योजना के सुझाव दिए गए हैं। मोदी सरकार ने 9 साल में सुरक्षा संबंधी व्यय में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी की है।

बिहार सरकार जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े कर सकता है प्रकाशित

# सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार को राज्य में उसके जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा, हम इस बिंदु पर नहीं रुक रहे हैं हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को फैसला लेने से नहीं रोक सकते। यह गलत होगा। न्यायालय ने कहा, जाति-आधारित सर्वेक्षण के आंकड़ों के संबंध में किसी भी मुद्दे पर विचार किया जाएगा। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार द्वारा किए गए जाति-आधारित सर्वेक्षण की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई जनवरी 2024 तक के लिए स्थगित कर दी। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने ने कहा, हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकते। पटना उच्च न्यायालय ने 2 अगस्त को जाति-आधारित सर्वेक्षण कराने के बिहार सरकार के फैसले को बरकरार रखा।सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने राज्य सरकार द्वारा इस सप्ताह के शुरू में जाति-सर्वेक्षण डेटा प्रकाशित करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने तर्क दिया कि जाति विवरण मांगने का राज्य का निर्णय केएस पुट्टास्वामी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विपरीत था, जिसने निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी थी, क्योंकि राज्य ने अभी तक सर्वेक्षण के लिए कोई वैध उद्देश्य नहीं दिखाया है। उन्होंने न्यायालय से यथास्थिति का एक अंतरिम आदेश पारित करने का अनुरोध किया, जिसमें राज्य को सर्वेक्षण डेटा पर



कार्रवाई न करने के लिए कहा जाए। वकील अपराजिता सिंह ने आग्रह किया, इस डेटा पर कार्रवाई नहीं की जा सकती, क्योंकि यह गलत तरीके से जुटाया गया था। इस प्वाइंट पर जस्टिस खन्ना ने राज्य से पूछा-मिस्टर दीवान, आपने इसे क्यों प्रकाशित किया? बिहार सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने संकेत दिया कि अदालत ने तारीख के प्रकाशन के खिलाफ कभी कोई आदेश पारित नहीं किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने संकेत दिया है कि सबसे पहले वह यह तय करेगी कि नोटिस जारी किया जाए या नहीं। यह देखते हुए कि मामले को विस्तार से सुनने की आवश्यकता है, पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी और याचिकाओं पर राज्य सरकार को औपचारिक नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट का फैसला काफी विस्तृत है। हालांकि सिंह ने यथास्थिति आदेश की दलील दोहराई, लेकिन पीठ ने स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। जस्टिस खन्ना ने कहा, हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकते। यह गलत होगा। लेकिन, यदि डेटा के संबंध में कोई मुद्दा है, तो उस पर विचार किया जाएगा। हम राज्य सरकार की शक्ति के संबंध में अन्य मुद्दे की जांच करने जा रहे हैं।

## चुनावों में मुफ्त की रेवड़ियां देने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### जारी किया केन्द्र, राज्यों, चुनाव आयोग व आरबीआई, महालेखा परीक्षक को नोटिस

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने आयकर देने वालों के खर्च पर चुनाव के पहले लोगों को कैश व मुफ्त वस्तुओं के कथित वितरण पर एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार भारत के चुनाव आयोग व आर.बी.आई को नोटिस जारी किया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस नई जनहित याचिका को चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली मुफ्त सुविधाओं के खिलाफ पहले से लंबित याचिकाओं के साथ टैग कर दिया है।सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्यों और चुनाव पैनल से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने मप्र व राजस्थान में विधानसभा चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर दोनों राज्य की सरकारों से शुक्रवार को जवाब मांगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि दोनों राज्य की सरकारें मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए करदाताओं के पैसों का दुरुपयोग कर रही हैं। याचिकाकर्ता की पैरवी करने वाले वकील ने कहा, चुनाव से पहले सरकार द्वारा नकदी बांटने से ज्यादा खराब और कुछ नहीं हो सकता। हर बार यह होता है और इसका बोझ आखिरकार करदाताओं पर आता है।

याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के सामने यह भी कहा कि चुनावों के ठीक 6 महीने पहले मुफ्त चीजें जैसे स्कूटी, कंप्यूटर और टैब जैसी कई चीजें बांटी जाती है और राज्य सरकारों की ओर से इसे जनहित का नाम दे दिया जाता है। न्यायालय ने भट्टूलाल जैन की जनहित याचिका पर सुनवाई की और इसे मामले पर लंबित एक अन्य याचिका के साथ टैग करने का आदेश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव से पहले हर तरह के कई वादे किए जाते हैं और हम इस पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं कर सकते। हम इसे अश्विनी उपाध्याय की याचिका के साथ टैग करेंगे लेकिन आपने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय आदि को पक्षकार बनाया है। आपको सरकार को पक्षकार बनाने की जरूरत है और आरबीआई, महालेखा परीक्षक आदि को पक्षकार बनाने की जरूरत है। जिसके बाद पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए और चार सप्ताह के भीतर जवाब दीजिए।




### अभिनेता सुशांत राजपूत की मौत के बाद के हालात पर बोलीं रिया चक्रवर्ती



**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत ने तीन साल पहले आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर कई आरोप लगे, आलोचना हुई और उन्हें पूछताछ का सामना करना पड़ा। उन्हें जेल में भी रहना पड़ा। वह तीन साल पहले अपने सामने आई स्थिति और लोगों की बातचीत सुनने के अनुभव को रिया चक्रवर्ती ने शेयर किया है। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बारे में बात करते हुए रिया ने कहा, 'जब मैं लोगों के चेहरे देखती हूं तो कुछ लोग मुझे ऐसे देखते हैं, जैसे मैंने कुछ किया हो। मैं लोगों के चेहरे पढ़ सकती हूं। लोग मुझे चुडैल कहते थे, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा। क्या पता शायद मैं काला जादू जानता हूं। समाज में लोग कहते हैं कि अगर कोई पुरुष शादी के बाद ज्यादा शराब पीने लगता है तो इसका कारण उसकी पत्नी होती है। अगर उसका करियर खराब होता है तो उसके लिए पत्नी को भी जिम्मेदार ठहराया जाता है।" रिया ने कहा, लोग मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को नहीं समझते हैं।

### अभिनेत्री श्रद्धा की लाइफ में फिर हुई प्यार की एंट्री



**अभिनेत्री** श्रद्धा कपूर का नाम बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा को उनकी सादगी के लिए भी सराहा जाता है। फिल्मों के साथ-साथ श्रद्धा अपनी पर्सनल लाइफ के कारण भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। इसी बीच अब श्रद्धा एक नई वजह से खबरों में हैं। हर तरफ ये चर्चा है कि श्रद्धा एक मशहूर राइटर को डेट कर रही हैं। खबरों के मुताबिक कहा जा रहा है कि श्रद्धा मशहूर राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। राहुल ने श्रद्धा कपूर की फिल्म 'तू झूठी, मैं मक्कार' की कहानी लिखी थी। इस फिल्म के अलावा राहुल ने 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी कई फिल्मों की कहानियां लिखी हैं।

### कपिल शर्मा और हुमा कुरैशी को ईडी का समन श्रद्धा-टाइगर समेत 15 एक्टर रडार पर

**महादेव** ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स मामले में बॉलीवुड के कई चर्चित नाम सामने आए हैं। रणबीर के साथ-साथ लोकप्रिय कॉमेडियन और टीवी अभिनेता कपिल शर्मा और बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, लोकप्रिय धारावाहिक अभिनेत्री हिना खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजा है। तीनों अभिनेताओं से ईडी पूछताछ करने जा रही है। ये पूछताछ कब होगी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कपिल शर्मा, हुमा कुरैशी और हिना खान शो करने के लिए दुबई की एक शानदार पार्टी में गए थे। उस वक्त कुछ कलाकारों ने इस ऐप का प्रमोशन किया था। तीनों एक्टर अब ईडी की रडार पर हैं। साथ ही कुछ और बॉलीवुड व टीवी कलाकारों को भी समन जारी किया है। इनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली असगर, विशाल ददलानी, टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर, नेहा कक्कड़, भारती सिंह, एली अवराम, सनी लियोनी, भाग्यश्री, पुलकित सम्राट, कीर्ति खरबंदा, नुसरत भरूचा और कृष्णा अभिषेक शामिल हैं। यह ऑनलाइन



जुआ ऐप लोगों को गेमिंग के लिए प्रोत्साहित करता है। इसी बीच इस मामले में एक्टर रणबीर कपूर को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। रणबीर ने पूछताछ के लिए पेश होने के लिए दो हफ्ते का वक्त मांगा है। हालांकि, ईडी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि रणबीर का समय बढ़ाया जाए या नहीं। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में मशहूर बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को समन भेजा गया था। उन्हें पूछताछ के लिए 6 अक्टूबर को ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस मामले में गवाह के तौर पर उनका बयान दर्ज किया जाएगा।

**रणनीति** जॉइंट रिसर्च, ट्विनिंग प्रोग्राम जैसे क्षेत्रों में साथ आ सकते हैं भारत-ग्रीस

# भविष्य की चुनौतियों पर करेंगे मंथन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्रीस और भारत उच्च शिक्षा के क्षेत्र में साथ काम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें संयुक्त रिसर्च, प्रशिक्षण, ट्विनिंग प्रोग्राम और विकास सहित सहयोग के विभिन्न पहलू शामिल हैं। इस दिशा में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) व ग्रीस के प्रतिनिधियों ने बातचीत की है। एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. टीजी. सीताराम ने ग्रीस दूतावास में ग्रीक राजदूत दिमित्रियोस इओन्नौ, ग्रीस दूतावास में मिशन के उप प्रमुख, एलेक्जेंड्रोस बौडोरिस और राजनीतिक-सांस्कृतिक मामलों की प्रथम परामर्शदाता, इसमिनी पानागोपोलू के साथ चर्चा का नेतृत्व किया। इस बैठक को दोनों देशों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है।

बैठक वार्ता के दौरान, प्रोफेसर सीताराम ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की महत्ता पर जोर



दिया और कहा, हमारा आगामी भविष्य केवल इस समझ पर निर्मित किया जा सकता है कि हम अपनी चुनौतियों और अवसरों को स्वीकार करते हुए सीमा पार सहयोग के माध्यम से उनका सामना कैसे कर सकते हैं। ग्लोबलीकरण के इस युग में, हर शिक्षा संस्थान एक राष्ट्र का निर्माण करता है। वह यह समझता है कि अपनी आंखें बंद रख वह सब कुछ सुनने की क्षमता प्रदान नहीं कर सकता।

राजदूत इओन्नौ ने इस पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की और ग्रीक शिक्षा मंत्रालय को एआईसीटीई के इरादे की सिफारिश करने का आश्वासन दिया है। राजनीतिक और सांस्कृतिक परामर्शदाता इसमिनी पानागोपोलू ने इस तालमेल और बढ़ावे के लिए एआईसीटीई को संबंधित ग्रीक अधिकारियों के साथ जोड़ने का वादा किया।

ग्रीक मिशन के उप प्रमुख एलेक्जेंड्रोस बौडोरिस ने आपसी सीखने के अवसरों के बारे में बात की और कहा, हम सभी को एक-दूसरे की धारणा और वास्तविकताओं से बहुत कुछ सीखना है। उन्होंने यूरेका-ईयू रिसर्च, एजुकेशन एंड नॉलेज एलायंस नामक एक मंच बनाने के प्रयासों के लिए हेलेनिक इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमी की भी सराहना की। बैठक का आयोजन हेलेनिक इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमी द्वारा किया गया था और कमिश्नर अटैचे, योगी कोचर ने प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान के लिए एक स्कॉलरशिप की घोषणा की जो वाईओएल नामक शीर्षक से जाने जाने वाले हैप्पीनेस कार्यक्रम को अपनाता है।




## विश्व कप 2023 : नीदरलैंड्स-पाकिस्तान के बीच मुकाबला

# शकील-मोहम्मद रिजवान का धमाका




**एजेंसी। हैदराबाद**

नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में पाकिस्तान के सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने शानदार परफॉर्मेंस करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली, दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की। बता दें कि दोनों बल्लेबाजों ने 68-68 रन की पारी खेली। भारत में अपना पहला मैच खेल रहे दोनों बल्लेबाजों ने उस समय पाकिस्तान की पारी को संभाला जब पाकिस्तान के 3 विकेट पर 38 रन पर गिर गए थे। जिसके बाद सऊद शकील और रिजवान ने पारी संभाली 120 रन की साझेदारी कर टीम को मुसीबत से बाहर निकाला।बता दें कि दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर खास रिकॉर्ड भी बनाया है। पाकिस्तान की ओर से विश्व कप डेब्यू में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पाकिस्तानी बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पांचवें नंबर पर आ गए हैं। बता दें कि विश्व कप डेब्यू में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की ओर से मोहसिन खान के नाम है। मोहसिन ने साल 1983 के विश्व कप में 82 रन की पारी खेली थी। वहीं, बता दें कि मैच में सऊद शकील ने 32 गेंद पर अर्धशतक जमाया जो वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की ओर से जमाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड है।

## आइये जानते हैं अब तक हर वर्ल्ड कप में कितनी सेंचुरी लगी हैं

- 1975 में खेले गए पहले पुरुष वर्ल्ड कप में मैच में 6 शतक लगे थे।
- इसके बाद दूसरे 1979 के वर्ल्ड कप मैच में 2 शतक लगे थे।
- 1983 में 8 और 1987 में 11 शतक लगे थे।
- 1992 में 8 और 1996 में 16 शतक लगे थे।
- 1999 के वर्ल्ड कप में 11 और 2003 में 21 शतक लगे थे।
- 2007 में 20 और 2011 में 24 शतक लगे थे।
- 2015 में सबसे ज्यादा 38 और 2019 में 31 शतक लगे थे।

## क्रिकेट विश्व कप से जुड़ी रोचक बातें

- क्रिकेट विश्व कप का पहला मैच साल 7 जून 1975 में भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में इंग्लैंड 202 रनों से जीता था और यह टूर्नामेंट हर 4 साल में होता है।
- क्रिकेट विश्व कप का पहला फाइनल मैच 21 जून 1975 में वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ था। इस मैच को वेस्टइंडीज ने 17 रनों से जीता था।
- अब तक कुल 12 टूर्नामेंट आयोजित हो चुके हैं, जिनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 5 बार, भारत और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार, इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान ने 1-1 बार वनडे विश्व कप का खिताब जीता है।
- साल 1983 तक क्रिकेट विश्व कप 60 ओवर का हुआ करता था फिर इसके बाद इसे 50 ओवर का कर दिया गया।
- भारत ने साल 1983 और 2011 में 2 बार वनडे विश्व कप जीता है। और भारत ने 2003 में रनर-अप भी रही, तब उन्हें ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में हराया था। वर्ल्ड कप की 10 टीमों के फाइनल स्क्वाड
- इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर हैं, उन्होंने 2278 रन बनाए हैं और 45 मैच खेले। वहीं ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग 1743 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और इन्होने 46 मैच खेले।
- इस टूर्नामेंट में 2 दोहरे शतक लगाने वाले पहले खिलाडी वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और दुसरे खिलाडी न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल है। गप्टिल के नाम सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 237 रन बनाये थे।
- क्रिकेट विश्व कप में अब तक 196 शतक लगे हैं। जिसमे सबसे ज्यादा रोहित शर्मा और सचिन तेंदुलकर ने लगाये है। दोनों ने 6-6 शतक जड़े है।
- क्रिकेट विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्राथ हैं, उन्होंने 70 विकेट लिए हैं और दूसरे स्थान पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन हैं, उन्होंने 68 विकेट लिए हैं। ग्लेन मैकग्राथ ने 2003 में नामीबिया के खिलाफ 15 रन देकर 7 विकेट झटके थे। भारत के चेतन शर्मा ने पहली हैट्रिक 1987 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ली थी।
- ऑस्ट्रेलिया ने 94 मैच, न्यूजीलैंड ने 89 मैच और भारत ने 84 क्रिकेट विश्व कप मैच खेले है। जिनमे से ऑस्ट्रेलिया ने 69, भारत ने 54 और न्यूजीलैंड ने 53 मैच जीते है। वही जिम्बाब्वे ने 43 मैच, श्रीलंका ने 39 और वेस्टइंडीज ने 35 मैच हारे।
- क्रिकेट विश्व कप में 4 बार 400 से अधिक रन बने। जिसमे साउथ अफ्रीका ने 2, ऑस्ट्रेलिया और भारत ने 1-1 बार यह कारनामा किया है। सबसे बड़ा स्कोर ऑस्ट्रेलिया के नाम है। इस टीम ने 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ पर्थ में 417 रन बनाये थे।
- क्रिकेट विश्व कप में भारत, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड कभी भी 100 रन के अंदर ऑल आउट नहीं हुए हैं। 2003 में कनाडा की टीम श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 36 रन पर ऑलआउट हो गई थी। वनडे वर्ल्ड कप 2023 शेड्यूल
- भारत 60 और 50 ओवर का विश्व कप जीतने वाला एकमात्र देश है। भारत ने 1983 में 60 ओवर और 2011 में 50 ओवर का खिताब जीता था।
- सबसे छोटी जीत ऑस्ट्रेलिया के नाम है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दो बार 1987 और 1992 में 1-1 रन से मैच जीता है।
- रोहित शर्मा एक टूर्नामेंट में 5 शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। ऐसा उन्होंने 2019 में किया था। श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 2015 में लगातार 7 शतक लगाए थे।
- भारत 7 बार क्रिकेट वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। जिसमें 4 हारे और 3 मैच जीते और 2003 में उपविजेता रही।

### सचिन तेंदुलकर की भविष्यवाणी, कहा-

## ये चार टीमें खेलेंगी 2023 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल

**एजेंसी। अहमदाबाद**



वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुआ। टूर्नामेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और 2019 वर्ल्ड कप के फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड आमने-सामने थी। इसी बीच पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर वर्ल्ड कप ट्रॉफी को टूर्नामेंट की शुरूआत करने के लिए मैदान पर ले गए, जिसे पहली बार विशेष रूप से भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव शानदार था। इसके साथ ही उन्होंने अहमदाबाद में 2011 वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की क्वार्टर फाइनल प्रतिष्ठित जीत को याद किया। तेंदुलकर ने आईसीसी के डिजिटल इनसाइडर के साथ बातचीत करते हुए कहा, उस ट्रॉफी को मैदान पर ले जाना एक अवास्तविक अनुभव था। हम यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में खेल रहे थे और वह रात हमारे लिए एक स्पेशल रात थी। यहां वापस आने के लिए, वही स्टेडियम, 12 साल बाद। वास्तव में कुछ अच्छा हुआ है। 2011 से पहले, किसी भी मेजबान देश ने टूनार्मेंट नहीं जीता था। उसके बाद, सभी मेजबान देशों ने जीत हासिल की। इस दौरान सचिन तेंदुलकर ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनलिस्ट टीमों का नाम बताया। उन्होंने अंतिम-चार चरण में पहुंचने के लिए मेजबान भारत, पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, गत चैंपियन इंग्लैंड और पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड को अपनी चार टीमों के रूप में चुना और अपने चयन के पीछे के कारणों को भी बताया। पूर्व दिग्गज ने कहा कि, भारत बिना किसी संदेह के। हमारे पास बहुत, बहुत अच्छी, संतुलित टीम है। ऑस्ट्रेलिया के मामले में भी ऐसा ही है, मुझे लगता है कि उनके पास एक संतुलित टीम है। मैं कहूंगा कि तीसरा इंग्लैंड होगा। इंग्लैंड फिर से एक बहुत मजबूत टीम है। उनके पास एक अनुभवी और युवा टीम का कॉम्बिनेशन है। मेरी चौथी टीम न्यूजीलैंड होगी।

## वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से हो गया है। पहला मैच न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया जिसमें इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड कप के दौरान कुल 48 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल 19 नवंबर को खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में लीग स्टेज में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाने वाला है। इस बार भी वर्ल्ड कप राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा। यानी सभी 10 टीमें एक दूसरे के खिलाफ 9-9 मैच खेलेगी। इसके बाद टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। अहमदाबाद में 19 नवंबर को होगा विश्व कप का फाइनल, सेमीफाइनल मुंबई और कोलकाता में क्रमशः 15 और 16 नवंबर को खेले जाएंगे।

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| शनिवार, 7 अक्टूबर | बांग्लादेश | बनाम | अफगानिस्तान | धर्मशाला |
| शनिवार, 7 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| रविवार, 8 अक्टूबर | भारत | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई |
| सोमवार, 9 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | हैदराबाद |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | धर्मशाला |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | श्रीलंका | हैदराबाद |
| बुधवार, 11 अक्टूबर | भारत | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

## जियोमार्ट के ब्रांड एंबेसडर बने धोनी



**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही जियोमार्ट ने अपने त्योहारी अभियान का नाम बदल कर 'जियो उत्सव, सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया' कर दिया है। यह सेल 8 अक्टूबर से शुरू होगी। क्रिकेट के दीवानों में माही के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, भारत अपनी जीवंत संस्कृति, लोगों और त्योहारों के लिए जाना जाता है, जियोमार्ट का ह्यजियो उत्सव कैंपेन भारत और उसके लोगों के उत्सव का एक प्रतीक है। मैं जियोमार्ट के साथ जुड़ने और लाखों भारतीयों की खरीदारी यात्रा का हिस्सा बनने पर बेहद उत्साहित हूं।

### वर्ल्ड चैंपियंस लीग

## दिग्गज क्रिकेटरों को एकजुट करने वाला 'महाकुंभ'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट नाम 2024 में वर्ल्ड चैंपियंस लीग (डब्ल्यूसीएल) के लॉन्च के लिए एजबस्टन स्टेडियम में आएंगे, जो बॉलीवुड फिल्म और संगीत मीडिया जबावा एंटरटेनमेंट द्वारा विकसित एक नया वैश्विक टी20 टूर्नामेंट है। डब्ल्यूसीएल में विश्व क्रिकेट की छह प्रमुख शक्तियों- इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित खिलाड़ी शामिल होंगे, जो भारत बनाम पाकिस्तान सहित खेल की कुछ सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं को फिर से क्रिकेट फैंस के सामने रखने के लिए तैयार हैं। जबावा एंटरटेनमेंट के निदेशक हर्षित तोमर ने साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, डब्ल्यूसीएल भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को वापस लाने और इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ियों को एक साथ लाने के लिए तैयार है। इंग्लैंड हमेशा से क्रिकेट का घर रहा है और जब बर्मिंघम की बात आती है, तो यह कई भारतीयों और पाकिस्तानियों का भी घर है। हम वैश्विक स्तर पर प्रशंसकों को दस दिनों का क्रिकेट का मनोरंजन देने के लिए उत्सुक हैं। एजबस्टन के मुख्य कार्यकारी स्टुअर्ट कैन ने कहा, हमने विश्व क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े मैचों का आयोजन किया है और एजबस्टन में उन मैचों में शामिल कुछ नायकों को देखना बहुत अच्छा होगा। ईसीबी की मंजूरी और इंग्लिश डोमेस्टिक शेड्यूल (नवंबर 2023) की घोषणा के अधीन, टूर्नामेंट 2024 की गर्मियों में खेला जाना तय है।

### जेएससीए स्टेडियम में होगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट मैच

# पांच लीग मैचों की मेजबानी रांची के नाम

### आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर तक होगा मैच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने आगामी सीजन भारत के पांच शहरों में मैच खेले जाने की घोषणा की है। इस सीजन के मैच रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होंगे। आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर 2023 तक होने वाले मैचों की पूरी तैयारी हो गई है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के फ्रेंचाइजी आयोजन के दूसरे सीजन में 19 मैच होंगे। सीजन की शुरूआत रांची में जेएससीए स्टेडियम, धुर्वा में पहले पांच मैचों से होगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट का मकसद चुने गये शहरों के क्रिकेट प्रेमियों को अभूतपूर्व अनुभव देना है। इन मैचों में 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर मैदान में उतरने वाले हैं। ज्ञात हो कि पिछले सीजन के 15 मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों में खेले गए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि रांची स्टेडियम का मनोहर दृश्य और शहर का क्रिकेट प्रेम देखते हुए हम ने यहीं से सीजन की शुरूआत की है। यह भावी क्रिकेटरों के लिए सपनों का स्टेडियम होगा, जहां से लगातार भारत के दिग्गज खिलाड़ी आ रहे हैं। इस सीजन के दिग्गज खिलाड़ियों को लेकर स्टेडियम और उन शहरों में भी काफी उत्साह देखा गया, जहां पिछले साल भारत में मैच खेले गए थे। लेजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा ने कहा कि लेजेंड्स लीग क्रिकेट का आयोजन दिन-ब-दिन बड़ा हो रहा है। खिलाड़यों की तादाद बढ़ने के साथ हमें यह उत्साह बनाए रखना है और नए शहरों के क्रिकेट प्रेमियों को क्रिकेट का बेहतरीन मुकाबला देखने का मौका देना है।




## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण, जापान को 5-1 से हराया



**एजेंसी। हांगझू**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को जापान को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक अपना नाम किया। एशियाई खेलों में भारत का यह 22वां स्वर्ण पदक था। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो (32वें और 59वें मिनट), मनप्रीत सिंह (25वें मिनट), अमित रोहिदास (36वें मिनट) और अभिषेक (48वें मिनट) ने 1-1 गोल किया।

इस मैच में दोनों टीमों ने रक्षात्मक शुरूआत की, फलस्वरूप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। मैच का पहला गोल दूसरे क्वार्टर में आया, जब मैच के 25वें मिनट में मनप्रीत सिंह ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे रही।

मध्यांतर के बाद भारतीय टीम ने आक्रामक रूख अपनाया और मैच के 32वें मिनट में भारतीय टीम को पेनल्टीकॉर्नर मिला, जिसे हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 36वें मिनट में अमित रोहिदास ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। मैच के 48वें मिनट में हार्दिक सिंह के पास पर अभिषेक ने भारत के लिए चौथा गोल किया।

51वें मिनट में जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार तनाका सेरेन ने गोल कर जापान का खाता खोला। मैच खत्म होने से कुछ समय पहले भारत को पेनल्टीकॉर्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत सिंह ने मैच का अपना दूसरा और भारत के लिए पांचवां गोल किया और स्कोर 5-1 हो गया, और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। इस स्वर्ण के साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में अब तक 95 पदक जीत लिये हैं, जिनमें 22 स्वर्ण, 34 रजत और 39 कांस्य पदक शामिल हैं।

## कुश्ती : मेडल से चूके बजरंग किरण व अमन ने जीता कांस्य



**एजेंसी। हांगझोऊ**

किरण बिश्नोई ने शुक्रवार को 19वें एशियाई खेलों में मंगोलिया की अरियुंजरगल गनबट पर 6-3 से जीत के साथ महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इससे पहले, किरण ने सेमीफाइनल में झामिला बाकबगेनीवा से हारने से पहले जापान की नोडोका यामामोटो को हराया था। बाद में, एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अमन सेहरावत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कांस्य पदक मैच में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के लियू मिंगु को 11-0 से हराया। टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया को यहां भी खाली हाथ रहना पड़ा, क्योंकि वो तकनीकी श्रेष्ठता के कारण पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा में जापान के कैकी यामागुची से कांस्य पदक हार गए।

सोनम मलिक ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 62 किग्रा में चीनी प्रतिद्वंद्वी और मौजूदा एशियाई चैंपियन लॉन्ग जिया को 7-5 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने जीता रजत पदक



**अतानु दास,** धीरज बोम्मदेवरा और तुषार शेल्के की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को 19वें एशियाई खेलों के फाइनल में कोरिया के खिलाफ 1-5 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## तीरंदाजी में भारतीय महिला टीम ने जीता ब्रॉन्ज



**अंकिता** भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर की भारतीय टीम ने शुक्रवार को एशियाई खेलों में रिकर्व महिला टीम प्रतियोगिता में वियतनाम को हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

## भारत फाइनल में, बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी। हांगझू**



गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद तिलक वर्मा (नाबाद 55) के अर्धशतक और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 40) के बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश को 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर एशियाई खेलों के फाइनल में प्रवेश किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 96 रन बनाए, जवाब में भारत ने मात्र 9.2 ओवर में 1 विकेट पर 97 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। 97 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर चलते बने। इसके बाद तिलक वर्मा और गायकवाड़ ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारतीय टीम को नौ विकेट से जीत दिला दी। तिलक 26 गेंदों पर 2 चौके और 6 छक्कों की बदौलत 55 व गायकवाड़ इतने ही गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की बदौलत 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन बनाए। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और बांग्लादेशी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन ही बना सकी।

बांग्लादेश के लिए परवेज होसैन इमान ने 23 और जकर अली ने नाबाद 24 रन बनाए, जबकि रकिबुल हसन ने 14 रन बनाए।

भारत की तरफ से साई किशोर ने 3, वॉशिंगटन सुंदर ने 2, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद ने 1-1 विकेट लिया।

भारतीय टीम शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी।